छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग

{छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम –2005 के अंतर्गत स्थापित}

राजपत्रों का संकलन निम्नानुसार :–

- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम – 2005
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2006
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2008
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2010
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2011
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2011
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2014
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2015
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2016
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2018
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2018
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2020
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित अधिनियम – 2021
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) नियम – 2005
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित नियम – 2013
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित नियम – 2014
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधित नियम – 2017

कार्यालय पता– सेक्टर 24, ब्लॉक 7B, ग्राउंड फ्लोर, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष : 0771–2277580

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 193] रायपुर, गुरुवार, दिनांक 25 अगस्त 2005—भाद्र 3, शक 1927

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 24 अगस्त 2005

क्रमांक 6886/21-अ/प्रारुपण/04.—छत्तीसगढ़ विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम, जिस पर दिनांक 17-8-2005 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विमला सिंह कपूर, उप-सचिव.

छत्तीसगढ़ अधिनियम

(क्रमांक 13 सन् 2005)

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005

विषय सूची

खण्ड :

अध्याय - 1

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारंभ
2. परिभाषाएं

अध्याय - 2

निजि विश्वविद्यालय की स्थापना

3. निजी विश्वविद्यालय के उद्देश्य
4. निजी विश्वविद्यालय स्थापना के प्रस्ताव का प्रेषण
5. प्रस्ताव का मूल्यांकन
6. आशय पत्र जारी करना
7. निजी विश्वविद्यालय की स्थापना की शर्तें
8. परिपालन प्रतिवेदन की प्रस्तुति, सत्यापन तथा निरीक्षण
9. स्थापना तथा निगमन

अध्याय - 3

निजी विश्वविद्यालय का संचालन एवं प्रबंधन

10. स्ववित्तीय निजी विश्वविद्यालय
11. विन्यास निधि
12. सामान्य निधि
13. सामान्य निधि का उपायोजन
14. विश्वविद्यालय के अधिकारी
15. कुलाध्यक्ष
16. कुलाधिपति
17. कुलपति
18. कुल सचिव
19. मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी
20. अन्य अधिकारी
21. विश्वविद्यालय के प्राधिकारी
22. शासी निकाय
23. प्रबंध मंडल

24. शैक्षणिक परिषद्
25. अन्य प्राधिकारी
26. प्रथम परिनियम
27. अनुगामी परिनियम
28. प्रथम अध्यादेश
29. अनुगामी अध्यादेश
30. रिक्तियां, विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी की कार्यवाही की अवैधता का कारण नहीं
31. आपात रिक्तियों की पूर्ति
32. समिति
33. विश्वविद्यालय अभिलेख, साक्ष्य का उपकरण
34. विनियम
35. परिनियम, अध्यादेश और विनियम की प्रभावशीलता

अध्याय - 4
निजी विश्वविद्यालय का विनियम

36. विनियामक आयोग
37. वार्षिक प्रतिवेदन
38. वार्षिक लेखा एवं संपरीक्षा
39. नियतकालिक निरीक्षण

अध्याय - 5
निजी विश्वविद्यालय का परिसमापन

40. प्रायोजक निकाय के विघटन होने पर विश्वविद्यालय का प्रबंधन
41. कतिपय परिस्थितियों में राज्य शासन की विशेष शक्तियां

अध्याय - 6
प्रकीर्ण

42. नियम बनाने की शक्ति
43. कठिनाईयों के निराकरण की शक्तियां
44. निरसन एवं व्यावृत्ति
अनुसूची

छत्तीसगढ़ अधिनियम
(क्रमांक 13 सन् 2005)

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005

छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु स्ववित्तीय विश्वविद्यालयों की स्थापना एवं निगमन के लिए तथा उनके क्रियाकलापों के नियमन एवं तत्संबंधी विषयों या आनुषांगिक विषयों के लिए अधिनियम.

भारत गणराज्य के छप्पनवें वर्ष में छत्तीसगढ़ विधानमण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-

अध्याय - एक : प्रारंभिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारंभ.

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 है.

(2) इसका विस्तार संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य पर होगा.

(3) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगा.

परिभाषाएं.

2. इस अधिनियम में, जब तक संदर्भ द्वारा अपेक्षित न हो, -

(1) "शैक्षणिक परिषद्" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद्.

(2) "अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्" से अभिप्रेत है, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (केन्द्रीय अधिनियम 1987 की संख्या 52) के अधीन स्थापित अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्.

(3) "भारतीय विधिज्ञ परिषद्" से अभिप्रेत है, एड्व्होकेट एक्ट 1961 (क्र. 25 सन् 1961) की धारा 4 के अधीन गठित भारतीय विधिज्ञ परिषद्.

(4) "प्रबंधन मण्डल" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय का प्रबंधन मण्डल.

(5) "कुलाधिपति" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति.

(6) "मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय के मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी.

(7) "दूरस्थ शिक्षा परिषद्" से अभिप्रेत है - इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अधिनियम 1985 (क्र. 50 सन् 1985) की धारा 28 के अधीन स्थापित दूरस्थ शिक्षा परिषद्.

(8) "विन्यास निधि" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय की विन्यास निधि.

(9) "शुल्क" से अभिप्रेत है, विद्यार्थियों से निजी विश्वविद्यालय द्वारा संकलित राशि, चाहे उसे किसी भी नाम से पुकारा जावे.

(10) "शासन" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन.

(11) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल.

(12) "शासी निकाय" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय का शासी निकाय.

(13) "उच्च शिक्षा" से अभिप्रेत है, ज्ञानार्जन के लिए 10+2 स्तर से आगे निर्धारित पाठ्यक्रम अथवा पाठ्यसंरचना का अध्ययन.

(14) "मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया" से अभिप्रेत है, इंडियन मेडिकल कौंसिल एक्ट 1956 (क्र. 2, सन् 1956) के अधीन गठित मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया.

(15) "मुख्य परिसर" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा में स्थित निजी विश्वविद्यालयों के मुख्य परिसर, जिनके कम से कम पांच अध्यापन विभाग अथवा अध्ययन शालाएं हों और जहां कुलपति एवं कुलसचिव निवास करते हों तथा निजी विश्वविद्यालय का मुख्य कार्यालय भी स्थित हो.

(16) "नेशनल कौंसिल ऑफ एसेसमेण्ट एण्ड एक्रेडिटेशन" से अभिप्रेत है, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वशासी संस्थान नेशनल कौंसिल ऑफ एसेसमेण्ट एण्ड एक्रेडिटेशन, बैंगलौर.

(17) "दूर परिसर केन्द्र" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय का ऐसा केन्द्र जो मुख्य परिसर से बाहर किन्तु राज्य के भीतर हो तथा जिसका संचालन एवं संधारण विश्वविद्यालय की इकाई के रूप में होता हो.

(18) "अध्यादेश" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय का अध्यादेश.

(19) "अन्य पिछड़ा वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचना द्वारा घोषित अन्य पिछड़ा वर्ग.

(20) "निजी विश्वविद्यालय" से अभिप्रेत है, इस अधिनियम के अधीन स्थापित एवं संचालित निजी विश्वविद्यालय.

(21) "फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया" से अभिप्रेत है, फार्मेसी अधिनियम 1948 (क्र. 8, सन् 1948) के अधीन गठित फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया.

(22) "नियामक अभिकरण" से अभिप्रेत है, केन्द्र शासन अथवा राज्य शासन द्वारा स्थापित नियामक अभिकरण जो उच्च शिक्षा के मानक स्तर को सुनिश्चितता के लिए नियम व शर्तें निर्धारित करें.

(23) "विनियामक आयोग" से अभिप्रेत है, इस अधिनियम की धारा 36 के अधीन स्थापित विनियामक आयोग.

(24) "विनियमन" से अभिप्रेत है, इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन निर्मित विनियमन.

(25) "कुल सचिव" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय का कुल सचिव.

(26) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य.

(27) "अध्ययन केन्द्र" से अभिप्रेत है, दूरस्थ शिक्षा के संदर्भ में विद्यार्थियों को परामर्श, मंत्रणा या अन्य प्रकार की सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से निजी विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित, संधारित या मान्यता प्राप्त केन्द्र जो कोई दो या दो से अधिक संचार माध्यमों जैसे रेडियो

प्रसारण, दूरदर्शन, पत्राचार पाठ्यक्रम, सेमिनार, संपर्क कार्यक्रम और इसी प्रकार की कोई अन्य पद्धति से शिक्षा प्रदान करता है.

(28) "परिनियम" से अभिप्रेत है, इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन निर्मित निजी विश्वविद्यालय के परिनियम.

(29) निजी विश्वविद्यालय से संबंधित " प्रायोजक निकाय" से अभिप्रेत है :-

(क) छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 (क्र. 44, सन् 1973) के अंतर्गत पंजीकृत सोसायटी,

(ख) कोई पंजीकृत सार्वजनिक न्यास,

(ग) कम्पनी अधिनियम, 1956 (क्र. 1, सन् 1956) की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनी तथा,

(घ) अन्य कोई निकाय जो तत्समय प्रवृत्त किसी अधिनियम के अधीन पंजीकृत हो.

(30) "विद्यार्थी" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय में नामांकित व्यक्ति जो उपाधि/पत्रोपाधि/प्रमाणपत्र अथवा विद्या संबंधी अन्य विशिष्टता प्राप्ति के लिए किसी पाठ्यक्रम का अध्ययन करता है.

(31) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इस अधिनियम से संलग्न अनुसूची.

(32) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जातियां.

(33) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जन-जातियां.

(34) "अध्ययन शाला" से अभिप्रेत है, उच्चतर विद्या तथा गवेषना के स्थान के रूप में निजी विश्वविद्यालय द्वारा संधारित की गई संस्था.

(35) "अध्यापक" से अभिप्रेत है, प्राध्यापक, प्रवाचक, व्याख्याता या किसी अन्य पदनाम का व्यक्ति जो शिक्षण कार्य करे अथवा शोधकार्य का निर्देशन करे अथवा विश्वविद्यालय के किसी पाठ्यक्रम के अध्ययन हेतु विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करे.

(36) "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग" से अभिप्रेत है, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (क्र. 3, सन् 1956) के अधीन स्थापित आयोग.

(37) "यू.जी.सी. विनियमन 2003" से अभिप्रेत है, यू.जी.सी. (निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना एवं मानक स्तर का संधारण) का विनियमन 2003.

(38) "कुलाध्यक्ष" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय का कुलाध्यक्ष.

(39) "कुलपति" से अभिप्रेत है, निजी विश्वविद्यालय का कुलपति.

(40) "गरीबी रेखा से नीचे के परिवार" से अभिप्रेत है, ऐसे परिवार जिनकी आय शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित गरीबी रेखा के नीचे हो.

अध्याय - दो : निजी विश्वविद्यालय की स्थापना

निजी विश्वविद्यालय के उद्देश्य.

3. निजी विश्वविद्यालय के नीचे दर्शाए सामान्य उद्देश्य होंगे :-

(क) उच्च शिक्षा में अनुदेशन, अध्यापन तथा प्रशिक्षण की व्यवस्था करना एवं शोध तथा ज्ञान की अभिवृद्धि एवं विसरण का प्रावधान करना.

(ख) उच्चतर बौद्धिक क्षमता का सृजन करना.

(ग) शिक्षा एवं प्रशिक्षण की उन्नत सुविधाओं को सुलभ कराना.

(घ) अध्यापन तथा शोध कराना एवं शिक्षण कार्यक्रमों को निरंतर उपलब्ध कराते रहना.

(ङ) शोध एवं विकास तथा ज्ञान की सहभागिता एवं उसके अनुप्रयोग के लिए उत्कृष्टता केन्द्रों का सृजन करना.

(च) उद्योग एवं सार्वजनिक संस्थाओं हेतु परामर्श सेवा उपलब्ध कराना.

(छ) यह सुनिश्चित करना कि उपाधि, पत्रोपाधि, प्रमाणपत्र तथा अन्य अकादमिक उपलब्धियों हेतु मापदण्ड यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.ई., बी.सी.आई., एम.सी.आई., डी.ई.सी. या अन्य नियामक अभिकरणों द्वारा निर्धारित मानक स्तर से निम्नतर स्तर का न हो.

(ज) किसी ऐसे अन्य उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कार्य करना, जो समय-समय पर विनियामक आयोग की अनुशंसा के आधार पर राज्य शासन द्वारा अनुमोदित हो.

निजी विश्वविद्यालय स्थापना के प्रस्ताव का प्रेषण.

4. (1) प्रायोजक निकाय द्वारा अधिनियम की धारा 3 में उल्लिखित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए परियोजना प्रतिवेदन आवेदन के साथ विनियामक आयोग को, निर्धारित शुल्क तथा ऐसे प्रारूप में जैसा कि विहित किया जाये, प्रस्तुत किया जावेगा.

(2) परियोजना प्रतिवेदन में निम्नलिखित जानकारी दी जावे अर्थात् :-

(क) प्रायोजक निकाय के पंजीकरण प्रमाणपत्र, संविधान तथा उपविधियों के साथ अन्य विस्तृत विवरण,

(ख) विगत् 03 वर्षों के अंकेक्षण प्रतिवेदन के साथ प्रायोजक निकाय के वित्तीय संसाधन की विस्तृत जानकारी,

(ग) प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय का नाम, स्थान तथा मुख्य परिसर,

(घ) निजी विश्वविद्यालय के उद्देश्य,

(ङ) भूमि, भवन तथा अन्य अधोसंरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता,

(च) निजी विश्वविद्यालय प्रारंभ होने के पहले परिसर विकास का विस्तृत ब्यौरा यथा: भवन निर्माण, अन्य संरचनात्मक सुविधायें एवं अधोसंरचनात्मक सुविधाएं तथा उपकरणों को प्राप्त करने आदि हेतु योजना साथ ही आगामी पांच वर्षों हेतु चरणबद्ध कार्यक्रम की रूप-रेखा,

(छ) पूंजीगत व्यय का आगामी पांच वर्ष के लिए चरणबद्ध विवरण तथा वित्त व्यवस्था के स्रोत,

(ज) संकायों की प्रकृति एवं संख्या यथा: विज्ञान, कला, वाणिज्य, तकनीकी शिक्षा आदि. पढ़े जाने वाले पाठ्यक्रमों के प्रकार जैसे- स्नातक, स्नातकोत्तर एवं निजी

विश्वविद्यालयों द्वारा प्रत्येक संकाय में किये जाने वाले प्रस्तावित शोध कार्यक्रम एवं राज्य के विकासात्मक लक्ष्यों के संदर्भ में एवं उनकी प्रासंगिकता तथा आगामी 5 वर्षों हेतु चरणबद्ध कार्यक्रम तथा पाठ्यक्रमानुसार प्रवेश देने वाले छात्रों की लक्षित संख्या,

(झ) संबंधित विधाओं में प्रायोजक निकाय को उपलब्ध अनुभव तथा विशेषज्ञता,

(ञ) अध्यापन किये जाने वाले पाठ्यक्रमों तथा शोध कार्य हेतु आवश्यक अकादमिक सुविधायें यथा : अध्यापक, तकनीकी / गैर-तकनीकी कर्मचारी एवं उपकरणों की उपलब्धता,

(ट) पाठ्यक्रम अनुसार या कार्यक्रम अनुसार आवर्ती व्यय का अनुमान तथा उपलब्ध वित्त के स्रोत तथा अनुमानित प्रति विद्यार्थी व्यय,

(ठ) संसाधनों को गतिमान करने की योजना एवं इस हेतु पूंजी की लागत तथा उसके ऐसी स्रोतों की भुगतान की प्रक्रिया,

(ड) आंतरिक स्रोतों जैसे छात्रों से शुल्क की वसूली परामर्श-सेवा एवं विश्वविद्यालय के उद्देश्यों से संबंधित अन्य गतिविधियों से प्रत्याशित राजस्व एवं अन्य प्रत्याशित आय से कोष-निर्माण की योजना,

(ढ) विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु प्रस्तावित शुल्क ढांचा व्यय का विस्तृत विवरण, शुल्क में दी जाने वाली रियायत या छूट या परिहार तथा छात्रवृत्ति, यदि कोई हो, समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति या अन्य पिछड़े वर्ग को दी जाने वाली छूट का विवरण,

(ण) निजी विश्वविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रस्तावित प्रक्रिया,

(त) निजी विश्वविद्यालय में अध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु प्रस्तावित प्रक्रिया,

(थ) दूरवर्ती शिक्षा कार्यक्रम हेतु प्रस्तावित केन्द्र के नाम के साथ विस्तृत विवरण,

(द) स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यक्रम तथा विशिष्ट अध्यापन, प्रशिक्षण या शोध गतिविधियों का विवरण,

(ध) कृषक, महिलाओं तथा विशेष रूप से इस राज्य में स्थित उद्योगों के लाभ हेतु चलाये जाने वाले कार्यक्रम,

(न) खेल मैदान तथा अन्य उपलब्ध या प्रस्तावित सुविधाओं का विवरण यथा: राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काऊट एवं गाईड का विवरण,

(प) दूर परिसर एवं अध्ययन केन्द्र की स्थापना विशेषकर राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में,

(फ) प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय की स्थापना करने की आवश्यकता एवं औचित्य का प्रतिपादन,

प्रस्ताव का मूल्यांकन.

5. (1) निजी विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव परियोजना प्रतिवेदन के साथ प्राप्त होने के पश्चात् विनियामक आयोग प्रस्ताव में उल्लिखित तथ्यों की जांच-पड़ताल, जैसा कि आवश्यक समझेगा यथासंभव 07 दिनों में पूरी करेगा.

(2) जांच पड़ताल की अवधि में विनियामक आयोग किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी मांग सकता है और ऐसी जानकारी प्राप्त होने के उपरांत, यथासंभव विनियामक आयोग 45

दिनों के भीतर परियोजना प्रस्ताव के मूल्यांकन का कार्य पूरा करेगा. मूल्यांकन करते समय विनियामक आयोग निम्नांकित बातों विचार में रखेगा :-

(क) जिस क्षेत्र में निजी विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव है वहां उच्च शिक्षा तथा शोध के क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाएं,

(ख) प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय के पास यदि कोई विशिष्ट योग्यता या कोई नया पाठ्यक्रम या कार्यक्रम हों जो कि राज्य में उपलब्ध अकादमिक संसाधनों की वृद्धि करे एवं मानव संसाधन के विकास में मदद करें,

(ग) पिछड़े क्षेत्रों के उन्नयन अथवा क्षेत्रीय असंतुलन को समाप्त करने के लिए व राज्य के अधिसूचित क्षेत्रों में दूरस्थ परिसर प्रारंभ करने हेतु निजी विश्वविद्यालयों का कार्यक्रम,

(द) उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सुलभ कराते हुए समाज सेवा एवं युवकों का कल्याण निजी विश्वविद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य है.

आशय पत्र जारी करना.

6. (1) धारा 5 में उल्लिखित जांच व मूल्यांकन पूर्ण करने के पश्चात् एवं इस बात से संतुष्ट होने पर कि प्रायोजक निकाय को निजी विश्वविद्यालय की स्थापना का अवसर दिया जा सकता है, विनियामक आयोग राज्य सरकार को प्रायोजक निकाय के हक में आशय पत्र जारी करने हेतु अनुशंसा करेगा.

(2) विनियामक आयोग की अनुशंसा प्राप्त होने पर, राज्य सरकार प्रायोजक निकाय को आशय पत्र जारी करने पर विचार कर सकता है.

निजी विश्वविद्यालय की स्थापना की शर्तें.

7. धारा 6 (2) में उल्लिखित आशय पत्र में निम्नलिखित शर्तें सम्मिलित होगी जो प्रायोजक निकाय को इस राज्य में एक निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिये पूरी करनी होगी, अर्थात् :

(1) वह स्थापित करेगा :-

(क) छत्तीसगढ़ राज्य में ही मुख्य परिसर, दूर परिसर एवं अध्ययन केन्द्र,

(ख) इस अधिनियम की धारा 11 के प्रावधानों के अनुरूप विन्यास निधि.

(2) वह न्यूनतम निम्नलिखित प्राप्त करेगा -

(क) 15 एकड़ भूमि यदि रायपुर नगर-निगम की सीमा के अंदर मुख्य परिसर की स्थापना प्रस्तावित है,

(ख) 25 एकड़ भूमि यदि अन्यत्र मुख्य परिसर स्थापना प्रस्तावित है, तथा साथ ही वह इनके भू-स्वामित्व अभिलेख प्रस्तुत करेगा.

(3) वह प्रशासकीय कार्यों तथा अकादमी कार्यों के सम्पादन के लिए कम से कम 25,000 वर्गफीट का निर्मित क्षेत्र, भवनों तथा अन्य सहायक निर्माणों के रूप में उपलब्ध करायेगा.

(4) वह परिवचन देगा कि -

(क) यह कि निजी विश्वविद्यालय की भूमि तथा भवन का उपयोग केवल निजी विश्वविद्यालय के कार्यों हेतु ही किया जावेगा,

(ख) निजी विश्वविद्यालय के निगमन के तत्काल बाद तथा कक्षायें प्रारंभ होने के पूर्व पर्याप्त संख्या में आवश्यक संकाय सदस्यों तथा अन्य सहायक कर्मचारीवृंदों की नियुक्ति हर विभाग या विषय में कर दी जावेगी,

(ग) पर्याप्त संख्या में उपकरण, कम्प्यूटर, फर्नीचर तथा अन्य आवश्यक सामग्री सुलभ करायी जायेगी, तथा प्रथम पांच वर्षों में रुपये बीस लाख राशि प्रति वर्ष खर्च की जावेगी,

(घ) प्रथम वर्ष में कम से कम दस लाख की पुस्तकें तथा पत्रिकाएं क्रय की जावेगी तथा प्रथम तीन वर्ष में पचास लाख रुपये की राशि पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा कम्प्यूटर नेटवर्किंग तथा अन्य सुविधाओं पर व्यय की जावेगी जो कि ग्रंथालय में पर्याप्त समकालीन अध्यापन तथा शोध कार्य की जरूरतों के मुताबिक हो,

(ङ) नियमित पाठ्यक्रम से जुड़ी ऐसी गतिविधियों को संचालित किया जावेगा जिससे कि ऐसे उचित अकादमी तथा स्वस्थ वातावरण का निर्माण हो सके, उदाहरणार्थ संगोष्ठी, वाद-विवाद, प्रश्नमंच कार्यक्रम तथा अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियां जैसे कि एन.सी.सी., एन.एस.एस., खेल-कूद आदि, जो कि विद्यार्थियों के हित में हों तथा इस विषय की अधिकारिता रखने वाली संस्थाओं द्वारा समर्थित हों,

(च) निजी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों हेतु कल्याण कार्यक्रम चलाये जायेंगे,

(छ) केन्द्रीय नियामक निकायों द्वारा समय-समय पर विहीत अन्य सभी शर्तों का अनुपालन किया जायेगा एवं उनके द्वारा चाही गई समस्त जानकारियां को प्रदान किया जायेगा,

(ज) समय-समय पर केन्द्रीय नियामक निकायों द्वारा विहीत ऐसे न्यूनतम मापदण्डों का अनुपालन किया जायेगा, जो पाठ्यक्रम, संकायों, अधोसंरचनात्मक सुविधाओं तथा वित्तीय संसाधनों से संबंधित है,

(झ) निजी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के अंत में दिये जाने वाली स्नातक, स्नातकोत्तर उपाधि या पत्रोपाधि यू.जी.सी. अथवा अन्य संबंधित निकायों के विनियमों/मापदंडों के अनुरूप होंगी,

(ञ) प्रवेश प्रक्रिया तथा शुल्क निर्धारण नियामक निकायों द्वारा विहित मापदण्डों/दिशा-निर्देशों, यदि कोई हैं, के अनुरूप होंगे,

(ट) निजी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कर्मचारीवृंद के पास यू.जी.सी. व अन्य संबंधित निकायों द्वारा निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता रखते हों; तथा उन्हें उचित वेतन प्रदाय किया जावेगा,

(ठ) निजी विश्वविद्यालय सभी जाति, वर्ग, धर्म, वंश, लिंग के लिये खुला रहेगा एवं निजी विश्वविद्यालय के लिये यह वैधानिक नहीं होगा कि वह किसी व्यक्ति को उसकी धार्मिक आस्था या व्यवसाय के कारण किसी भी प्रकार की पृथक परीक्षा से गुजारे, चाहे वह धर्म संबंधी हो या अन्य हो, या किसी व्यवसाय से संबंधित हो जिससे अध्यापक के रूप में उसकी नियुक्ति प्रभावित होती हो या अन्य किसी पद पर उसकी नियुक्ति प्रभावित होती हो, या विद्यार्थी के रूप में उसके प्रवेश को प्रभावित करती हो, या उसके किसी भी अधिकार से वंचित करती हो,

(ड) इस अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत परिनियम, अध्यादेशों की स्वीकृति के बिना प्रवेश तथा कक्षाओं के संचालन का कार्य प्रारंभ नहीं किया जायेगा.

परिपालन प्रतिवेदन की प्रस्तुति, सत्यापन तथा निरीक्षण.

8. (1) प्रायोजक निकाय अनुपालन प्रतिवेदन परिवचन तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों सहित विनियामक आयोग को प्रस्तुत करेगा.

(2) अनुपालन प्रतिवेदन की प्राप्ति के बाद विनियामक आयोग उसकी तथा ऐसे तरीके में जैसा व उचित समझे, तथ्यात्मक आंकड़ों की जांच करेगा जिसमें स्थल निरीक्षण भी शामिल है.

(3) उपधारा (2) में उल्लिखित अनुसार अनुपालन प्रतिवेदन की जांच करने पर यदि इसमें विनियामक आयोग को किसी प्रकार की कमी नजर आये तो वह प्रायोजक निकाय को शीघ्रातिशीघ्र इन पहिचानी कमियों को दूर करने का निर्देश देगा.

(4) विनियामक आयोग इस बात से संतुष्ट होने पर कि, ऊपर उल्लेखित उपधारा (3) के अनुसार पहिचानी कमियों को दूर कर दिया गया है, पहिचानी कमियों को पूरा करने की जानकारी प्राप्त होने के 15 दिनों के अन्दर, राज्य शासन को निजी विश्वविद्यालय की स्थापना की स्थिति के संबंध में प्रतिवेदन भेजेगा.

(5) विनियामक आयोग से उक्त उपधारा (4) के अनुसार प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात्, राज्य शासन यू.जी.सी. से प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय के निरीक्षण करने का अनुरोध करेगा.

परंतु यह भी कि यू.जी.सी. अपना प्रतिवेदन अधिक से अधिक 3 माह के अंदर देगा अन्यथा राज्य शासन अपने विवेकानुसार आगामी कार्यवाही करेगा.

स्थापना तथा निगमन.

9. (1) विनियामक आयोग द्वारा धारा 8 के अंतर्गत प्रस्तुत प्रतिवेदन तथा यू.जी.सी. का निरीक्षण प्रतिवेदन, यदि ऐसा कोई है, पर विचार उपरांत यदि राज्य शासन को संतुष्टि हो जाती है कि प्रायोजक निकाय ने धारा 7 के प्रावधानों को पूरा किया है तथा प्रस्ताव के आधार पर एक निजी विश्वविद्यालय स्थापित किया जा सकता है तो, इस अधिनियम में संलग्न अनुसूची में संशोधन कर वह ऐसे नाम तथा विवरण जैसा इस संबंध में विनिर्दिष्ट किया जाये निजी विश्वविद्यालय स्थापित करेगा.

(2) इस प्रकार के निजी विश्वविद्यालय का निगमन उस तिथि से माना जावेगा जिस तिथि से अनुसूची का संशोधन हुआ है. परंतु यह भी कि उक्त उपधारा (2) में दर्शायी निगमन की तिथि तथा धारा 4 की उपधारा (1) में उल्लिखित आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि के बीच 6 माह से अधिक का समय नहीं होगा.

(3) निजी विश्वविद्यालय अनुसूची में संशोधित नाम का एक निगमित निकाय होगा, जिससे शाश्वत् उत्तराधिकार एवं सामान्य चिन्ह होगा, जो इस अधिनियम के प्रावधानों के अध्यधीन रहते हुए सम्पत्ति एवं उसका स्वामित्व प्राप्त कर सकेगा, जो अनुबंध कर सकेगा, वाद चला सकेगा या उस नाम से उस पर वाद चलाया जा सकेगा.

(4) ऐसे निजी विश्वविद्यालय द्वारा या उसके विरुद्ध प्रस्तुत वाद या अन्य कानूनी कार्यवाही होने पर अभिवचन कुलसचिव द्वारा हस्ताक्षरित या सत्यापित किये जावेंगे तथा इस तरह के वाद या कानूनी कार्यवाही की सभी प्रक्रिया निजी विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम तामील होगी.

(5) विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर ऐसे स्थान पर होगा जो अनुसूची के पांचवे कॉलम में दर्शाया गया है.

अध्याय-तीन : निजी विश्वविद्यालय का संचालन एवं प्रबंधन

स्ववित्तीय निजी विश्वविद्यालय.

10. निजी विश्वविद्यालय स्ववित्तीय होगा, तथापि लिखित कारण दर्शाए हुए शासन इसे वित्तीय/भौतिक प्रोत्साहन देने पर विचार कर सकता है.

विन्यास निधि.

11. (1) उपर्युक्त धारा 6 (2) के अंतर्गत राज्य शासन से इच्छा पत्र प्राप्त होने पर ऐसा प्रायोजक निकाय जो इच्छा पत्र में दी गई शर्तों एवं परिवचनों को पूर्ण करने तत्पर है, निजी विश्वविद्यालय के लिए विन्यास निधि की स्थापना, विनियामक आयोग के कोष में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार नीचे दर्शाई गयी राशि जमा करेगा.

(क) राज्य के अनुसूचित क्षेत्र में निजी विश्वविद्यालय की स्थापना होने पर एक करोड़ रुपये.

(ख) अन्य प्रकरणों में तीन करोड़ रुपये.

परंतु, प्रायोजक निकाय द्वारा इस अधिनियम के प्रारंभ के पूर्व विन्यास निधि में जमा राशि समायोजित कर ली जावेगी.

(2) यह सुनिश्चित करने के लिए कि निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, परिनियम तथा अध्यादेश के उपबंधों के अनुरूप कार्य कर रहा है, यह विन्यास निधि सुरक्षा निधि के रूप में प्रयुक्त होगी. प्रायोजक निकाय द्वारा अधिनियम, परिनियम, अध्यादेश तथा विनियमन के किसी भी उपबंध के उल्लंघन या भंग करने पर विनियामक आयोग की अनुशंसा पर, राज्य शासन संपूर्ण विन्यास निधि या उसके किसी अंश को समपहृत कर सकेगा.

(3) विन्यास निधि के स्थापना की विधि, उसके विनियोजन की विधि, इससे प्राप्त आय को प्रायोजक निकाय को भुगतान, उसके राजसात करने और प्रायोजक निकाय को वापस करने की विधि इस प्रकार होगी जैसी कि विहित की जावे.

सामान्य निधि.

12. प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय एक सामान्य कोष की स्थापना करेगा, जो सामान्य कोष के नाम से जाना जावेगा एवं जिसमें निम्न प्रकार की राशि जमा की जावेगी :-

(क) निजी विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त शुल्क तथा अन्य प्रभार.

(ख) प्रायोजक निकाय द्वारा किया गया कोई अंशदान.

(ग) निजी विश्वविद्यालय द्वारा अपने उद्देश्यों के परिपालन में किये जाने वाले किसी परामर्श या अन्य कार्य के द्वारा प्राप्त आय.

(घ) न्यास, वसीयत, दान, विन्यास तथा अन्य प्रकार का अनुदान, तथा

(ङ) निजी विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त अन्य सभी प्रकार की राशि.

परंतु विद्यार्थियों से खंड (क) के अंतर्गत प्राप्त शुल्क का एक प्रतिशत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक के माध्यम से नियामक आयोग के पास शुल्क प्राप्ति के माह के अगले माह के 15 दिनों के अंदर जमा किया जाना होगा. यदि कोई निजी विश्वविद्यालय उपरोक्त शुल्क विनियामक आयोग के पास नियत समय में जमा करने में असफल होता है तो प्रति 30 दिन पर 1.5 प्रतिशत शास्तिक ब्याज की दर से साथ संपूर्ण राशि जमा करेगा. यदि इस राशि को जमा करने में 90 दिन से अधिक का व्यतिक्रम होता है तो इस कार्य को अधिनियम का उल्लंघन माना जावेगा एवं विनियामक आयोग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जावेगी.

परंतु आगे यह भी कि विनियामक आयोग इस राशि को यथोचित समय में राज्य के संचित निधि में जमा करेगा.

13. सामान्य निधि का उपयोग निम्न उद्देश्यों हेतु होगा, यथा :- सामान्य निधि का उपयोजन.

(1) इस अधिनियम, परिनियम, अध्यादेश, नियमन के उद्देश्य हेतु लिये गये उधार जिसमें ब्याज भी शामिल है, के भुगतान हेतु.

(2) निजी विश्वविद्यालय की सम्पदा के रख-रखाव हेतु;

(3) कोष की धारा (11) एवं (12) के अंतर्गत निर्मित निधियों के अंकेक्षण पर व्यय का भुगतान.

(4) न्यायालय में ऐसे वाद या वैधानिक कार्यवाही संबंधी व्यय, जिसमें विश्वविद्यालय एक पक्ष हो.

(5) विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, शैक्षणिक एवं शोध कार्य में संलग्न स्टॉफ के वेतन तथा भत्ते का भुगतान तथा भविष्य निधि, अंशदान, उपादान तथा अन्य लाभ का भुगतान.

(6) शासी निकाय, प्रबंधन मंडल, अकादमिक परिषद् तथा विश्वविद्यालय के परिनियम द्वारा घोषित अन्य प्राधिकारी के सदस्यों तथा इस अधिनियम, परिनियम, अध्यादेश एवं विनियमन के किसी भी प्रावधान के परिपालन हेतु प्रयोजक निकाय के किसी प्राधिकारी या अध्यक्ष या कुलपति द्वारा नियुक्त किये गये सदस्यों के यात्रा-भत्तों या अन्य भत्तों के भुगतान हेतु.

(7) गरीबी रेखा से नीचे के परिवार के विद्यार्थियों को अध्येतावृत्ति, छात्रवृत्ति, शुल्कमुक्ति, सहायकवृत्ति तथा अन्य पुरस्कार या शोध सहायुक्त, प्रशिक्षु या अन्य ऐसे विद्यार्थी जो इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन निर्मित निजी विश्वविद्यालय के संविधि, अध्यादेशों एवं विनियमनों या नियमों के अंतर्गत इस प्रकार की स्वीकृति की पात्रता रखते हैं.

(8) इस अधिनियम तथा इसके अंतर्गत निर्मित संविधियों, अध्यादेशों या विनियमनों के क्रियान्वयन में विश्वविद्यालय द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के व्यय का भुगतान.

(9) प्रायोजक निकाय द्वारा विश्वविद्यालय की स्थापना एवं निवेश में पूंजीगत व्यय का भुगतान जो ब्याज की प्रचलित बैंक दर से अधिक न हो.

(10) विश्वविद्यालय द्वारा इस अधिनियम तथा इसके अंतर्गत निर्मित संविधियों, अध्यादेशों तथा विनियमनों के अंतर्गत परामर्श संबंधी किये जाने वाले कार्यों से संबंधित व्यय एवं प्रभार का भुगतान.

(11) प्रबंध मंडल द्वारा निजी विश्वविद्यालय के उद्देश्यों के लिये अनुमोदित होने पर प्रायोजक निकाय की ओर से विश्वविद्यालय की व्यवस्था का दायित्व वहन करने वाली किसी संस्था को किया जाने वाला व्यवस्था शुल्क सहित व्यय का भुगतान.

परंतु विश्वविद्यालय द्वारा प्रबंध मंडल के पूर्वानुमोदन बिना जैसा भी निश्चय किया गया हो, कोई व्यय नहीं किया जावेगा जो प्रबंध मंडल द्वारा वर्ष हेतु कुल आवर्ती तथा कुल अनावर्ती व्यय हेतु निर्धारित सीमा से अधिक हो.

परंतु यह भी कि सामान्य निधि की राशि का उपयोग जैसा कि उपधारा (1) में वर्णित उद्देश्य के लिये उल्लिखित है, निजी विश्वविद्यालय के शासी निकाय के अनुमोदन से किया जा सकेगा.

विश्वविद्यालय के अधिकारी. 14. निजी विश्वविद्यालय के निम्नलिखित अधिकारी होंगे यथा :-

(1) कुलाध्यक्ष

(2) कुलाधिपति

(3) कुलपति

(4) कुलसचिव

(5) मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी

(6) अन्य ऐसे अधिकारी, जिसकी घोषणा विश्वविद्यालय के संविधि के अंतर्गत अधिकारी के रूप में की जावे.

कुलाध्यक्ष. 15. (1) छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, निजी विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष होंगे.

(2) कुलाध्यक्ष, जब वे उपस्थित होंगे, निजी विश्वविद्यालय की उपाधि, पत्रोपाधि प्रदान करने हेतु आयोजित दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे.

(3) कुलाध्यक्ष की निम्न शक्तियां होगी, यथा :-

(क) कुलपति की नियुक्ति करना,

(ख) विश्वविद्यालय के कार्यकलापों से संबंधित किसी अभिलेख अथवा सूचना मांगना,

(ग) कुलाध्यक्ष को भेजी गयी जानकारी के आधार पर, यदि वह संतुष्ट है कि विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी द्वारा दिया गया आदेश, प्रक्रिया अथवा निर्णय इस अधिनियम, विनियमों एवं नियमों के अनुरूप नहीं है, तो कुलाध्यक्ष विनियामक आयोग से अभिमत प्राप्त कर सकेगा. ऐसा समाधान होने पर कि कोई अनियमितता हुई है तो वह इस प्रकार के निर्देश प्रसारित कर सकेगा जैसा कि वह निजी विश्वविद्यालय के हित में उचित समझे तथा इस प्रकार जारी किए गए निर्देश निजी विश्वविद्यालयों द्वारा पालन किये जायेंगे.

(घ) कुलाधिपति अथवा अन्य किसी से प्रतिवेदन प्राप्त होने पर कुलपति के विरुद्ध जांच कराना.

कुलाधिपति. 16. (1) प्रायोजक निकाय द्वारा कुलाधिपति की नियुक्ति, कुलाध्यक्ष के पूर्वानुमोदन से 3 वर्षों के लिए की जायेंगी.

परंतु, किसी निजी विश्वविद्यालय को स्थापित करने तथा उसे कार्यात्मक बनाने के लिये, प्रायोजक निकाय, राज्य शासन से सलाह लेकर कम से कम 1 वर्ष के लिये कुलाधिपति की नियुक्ति करेगा परंतु यह 3 वर्षों से अधिक के लिये नहीं होगी.

(2) कुलाधिपति निजी विश्वविद्यालय का संस्था प्रमुख होगा.

(3) कुलाधिपति विश्वविद्यालय की शासी निकाय की बैठकों की अध्यक्षता करेगा तथा कुलाध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाधि तथा पत्रोपाधि प्रदान करने हेतु आयोजित दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगा.

(4) कुलाधिपति की निम्नलिखित शक्तियाँ होगी यथा :-

(क) किसी भी सूचना अथवा अभिलेख को मंगा सकना.

(ख) शिकायतों के आधार पर यदि वह संतुष्ट होता है कि कुलपति के कार्य से निजी विश्वविद्यालय के अधिनियम, परिनियम अथवा अध्यादेशों का उल्लंघन हुआ है अथवा कोई वित्तीय अनियमितता की गई है तो कुलपति को पदच्युत करने के लिए कुलाध्यक्ष को रिपोर्ट (प्रतिवेदन) देना.

17. (1) कुलपति की नियुक्ति, इस कार्य के लिए गठित खोजबीन समिति द्वारा अनुशंसित नाम-सूची में से कुलाध्यक्ष द्वारा की जावेगी. कुलपति.

(2) उपधारा (1) में उल्लिखित सर्च कमेटी निम्नानुसार होगी :-

(क) प्रायोजक निकाय द्वारा नामांकित 2 ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद्.

(ख) उच्च शिक्षा विभाग से राज्य शासन द्वारा नामांकित एक ख्यातिप्राप्त व्यक्ति. खोजबीन समिति से सदस्यों में से किसी एक व्यक्ति को कुलाध्यक्ष द्वारा अध्यक्ष नियुक्त किया जावेगा.

(3) खोजबीन समिति न्यूनतम 3 ख्यातिप्राप्त शिक्षाविदों की नाम-सूची कुलपति की नियुक्ति हेतु प्रस्तुत करेगी.

परंतु, यदि खोजबीन समिति द्वारा अनुशंसित नाम-सूची को कुलाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित नहीं किया जाता है तो वे समिति से नयी अनुशंसा मंगा सकता है.

परंतु आगे यह भी कि, नव-स्थापित निजी विश्वविद्यालय के कार्य को करने के लिए कुलाध्यक्ष द्वारा कुलाधिपति के परामर्श से 2 वर्षों के लिए कुलपति की नियुक्ति की जा सकेगी.

(4) कुलपति की नियुक्ति, उपधारा (10) में दिये गये प्रावधानों के अनुरूप 4 वर्षों के लिए होगी.

परंतु समय सीमा समाप्ति के पश्चात् भी नये कुलपति के कार्यभार ग्रहण करते तक वे अपने पद पर बने रहेंगे. किन्तु किसी भी स्थिति में यह समय सीमा 6 माह से अधिक नहीं होगी..

(5) कुलपति निजी विश्वविद्यालय का प्रमुख कार्यकारी एवं अकादमिक अधिकारी होगा तथा विश्वविद्यालय के क्रिया-कलापों पर सामान्य पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण बनाये रखेगा तथा निजी विश्वविद्यालय के विभिन्न प्राधिकरणों के निर्णयों का क्रियान्वयन करवायेगा.

(6) कुलाध्यक्ष एवं कुलाधिपति दोनों की अनुस्थिति में, कुलपति निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगा.

(7) यदि कुलपति की राय में किसी ऐसे विषय में त्वरित कार्यवाही की आवश्यकता प्रतीत होती है जिसकी शक्तियाँ किसी अन्य प्राधिकारी को इस अधिनियम के द्वारा अवकाश के अंतर्गत प्रदत्त की गई है, तो वह ऐसी कार्यवाही करेगा जैसा वह उचित समझता हो तथा की गई कार्यवाही से यथाशीघ्र ऐसे अधिकारी अथवा प्राधिकारी को अवगत करायेगा, जो कि सामान्यतः उस मामले में कार्यवाही करता है :

परंतु, यदि संबंधित प्राधिकारी के अभिमत में इस प्रकार की कार्यवाही कुलपति के द्वारा नहीं की जानी चाहिए थी, तो इस प्रकार का प्रकरण, निर्णय हेतु कुलाधिपति को भेजा जायेगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा.

परंतु, यह भी कि यदि कुलपति के द्वारा की गई कार्यवाही निजी विश्वविद्यालय की सेवा में किसी व्यक्ति को प्रभावित करती हैं तो वह व्यक्ति ऐसी कार्यवाही की सूचना प्राप्ति की तिथि से तीन माह की अवधि के भीतर शासी निकाय के समक्ष अपील करने हेतु अधिकृत होगा. शासी निकाय का निर्णय संबंधित व्यक्ति को अपील करने की तिथि से अधिकतम 3 माह के भीतर सूचित कर दिया जावेगा.

(8) यदि कुलपति की राय में निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी का कोई निर्णय इस अधिनियम, परिनियमों, अध्यादेशों अथवा नियमनों द्वारा प्रदत्त शक्तियों से बाहर है अथवा निजी विश्वविद्यालय के हितों के प्रतिकूल हो सकता है तो वह इस निर्णय को संशोधित करने हेतु संबंधित प्राधिकारी को अनुरोध करेगा एवं उस स्थिति में जबकि प्राधिकारी 15 दिन के भीतर उक्त निर्णय को पूर्णतः या अंशतः संशोधित करने से अस्वीकार करता है, तो ऐसा प्रकरण कुलाधिपति को प्रस्तुत किया जावेगा और उनका निर्णय अंतिम होगा जो शासी निकाय को पुष्टि के लिए भेजा जावेगा.

(9) कुलपति द्वारा ऐसी शक्तियों का प्रयोग किया जावेगा तथा ऐसे कर्त्तव्यों का निर्वहन किया जावेगा जैसा कि परिनियम और अध्यादेशों में विनिर्दिष्ट हो.

(10) यदि किसी समय अभ्यावेदन प्राप्त होने पर या अन्यथा भी कुलाध्यक्ष को यह प्रतीत होता है कि कुलपति ने-

(क) इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन अधिरोपित किसी कर्त्तव्य के निर्वहन में गलती की है अथवा,

(ख) उसने निजी विश्वविद्यालय के हित के प्रतिकूल कार्य किया है अथवा,

(ग) निजी विश्वविद्यालय की गतिविधियों के सम्पादन में अक्षम सिद्ध हुए हैं तो कुलाध्यक्ष, इस तथ्य को जानते हुए भी कि उनके कुलपति पद की समय-सीमा पूरी नहीं हुई है, तथापि कारणों का उल्लेख करते हुए, लिखित आदेश द्वारा, कुलपति के पद को उस तिथि से रिक्त करने के लिए कह सकता है जैसा कि आदेश में निर्दिष्ट किया गया हो.

(11) उपधारा (10) के अंतर्गत ऐसा आदेश तब तक पारित नहीं होगा जब तक कुलपति को, समुचित आधार दर्शाते हुए इस प्रकार की कार्यवाही की सूचना न दे दी जाये और प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध कारण बताने के लिए समुचित अवसर प्रदान न कर दिया जाये.

(12) उपधारा (10) के अंतर्गत आदेश में उल्लिखित दिनांक से, कुलपति अपने पद से पदमुक्त माने जा सकेंगे और कुलपति का पद रिक्त माना जावेगा.

कुलसचिव. 18. (1) कुलसचिव की नियुक्ति शासी निकाय द्वारा इस कार्य के लिए गठित विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा पर परिनियम में दर्शाये अनुसार की जावेगी, परंतु प्रथम कुलसचिव की नियुक्ति प्रायोजक निकाय के द्वारा 2 वर्षों के लिए की जावेगी.

(2) कुल सचिव द्वारा निजी विश्वविद्यालय की ओर से सभी अनुबंध हस्ताक्षरित किये जायेंगे तथा सभी दस्तावेज एवं अभिलेख अधिकारिक किये जायेंगे.

(3) कुल सचिव स्वशासी निकाय, प्रबंध मंडल और अकादमिक परिषद् के सदस्य सचिव होंगे किन्तु उन्हें मताधिकार नहीं होगा.

(4) कुल सचिव द्वारा ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कर्त्तव्यों का निर्वहन किया जायेगा जैसा कि संविधियों द्वारा निर्धारित किया जा सके.

(5) किसी समय यह ज्ञापित कराये जाने पर या अन्यथा भी, जांच उपरांत स्थितियां सचेत करती हों कि कुलसचिव का पद पर बने रहना निजी विश्वविद्यालय के हित में नहीं है; तो कुलपति, उन कारणों का लिखित उल्लेख करते हुए कुलसचिव को पदमुक्त करने के लिए कुलाधिपति को कह सकता है.

परंतु, इस उपधारा के अंतर्गत कार्यवाही करने के पूर्व कुलसचिव को सुनने का अवसर दिया जावेगा.

19. (1) मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी की नियुक्ति कुलपति द्वारा इस प्रकार की जावेगी जैसा कि परिनियमों द्वारा निर्देशित किया जावे. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी.

(2) मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, ऐसी शक्तियों का प्रयोग एवं कर्त्तव्यों का निर्वाह करेगा, जैसा कि परिनियमों द्वारा निर्धारित किया जावे.

20. (1) निजी विश्वविद्यालय ऐसे अन्य अधिकारियों की नियुक्ति कर सकता है जो कि उसके संचालन के लिए आवश्यक हो. अन्य अधिकारी.

(2) निजी विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों की नियुक्ति और उनकी शक्तियां व कार्य उस प्रकार के होंगे, जैसा कि परिनियमों द्वारा निर्धारित किये जावें.

21. (1) निजी विश्वविद्यालय के निम्नलिखित प्राधिकारी होंगे, यथा- विश्वविद्यालय के प्राधिकारी.

(क) शासी निकाय

(ख) प्रबंध मंडल

(ग) शैक्षणिक परिषद् तथा

(घ) ऐसे अन्य प्राधिकारी जिन्हें परिनियमों द्वारा सृजित किया जाकर निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकारी घोषित किया जावे.

(2) शासी निकाय एवं प्रबंध मंडल में नामांकित सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष होगा. कोई भी नामांकित सदस्य लगातार 2 कार्यकाल से अधिक के लिए नामांकित नहीं किया जावेगा.

22. (1) विश्वविद्यालय के शासी निकाय का गठन निम्नानुसार होगा, यथा- शासी निकाय.

(क) कुलाधिपति,

(ख) कुलपति,

(ग) प्रायोजक निकाय द्वारा नामांकित 3 ख्यातिप्राप्त व्यक्ति, जिनमें कम से कम 01 व्यक्ति शिक्षाविद् होगा.

(घ) राज्य शासन द्वारा ख्यातिप्राप्त छः नामों की सूची में से कुलाध्यक्ष द्वारा तीन व्यक्तियों को नामांकित किया जावेगा.

(ङ) राज्य शासन का एक प्रतिनिधि, जो उप-सचिव के स्तर से नीचे का न हो.

(2) कुलाधिपति शासी निकाय का पदेन अध्यक्ष होगा.

(3) शासी निकाय विश्वविद्यालय का सर्वोच्च प्राधिकारी होगा. विश्वविद्यालय की समस्त चल एवं अचल संपत्ति पर शासी निकाय का अधिकार होगा.

उसे निम्नलिखित शक्तियां प्राप्त होंगी, यथा-

(क) इस अधिनियम या परिनियमों, अध्यादेशों या विनियमों के अंतर्गत दी गई ऐसी सभी शक्तियों का उपयोग करते हुए निजी विश्वविद्यालय के संचालन का नियंत्रण करना, सामान्य देखभाल करना एवं निर्देशित करना,

(ख) निजी विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकारियों के निर्णयों पर पुनर्विचार करना यदि वे इस अधिनियम, नियमों, परिनियमों अथवा अध्यादेशों से सुसंगत न हों,

(ग) निजी विश्वविद्यालय के बजट तथा वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन करना,

(घ) निजी विश्वविद्यालय द्वारा अनुसरण की जाने वाली विस्तृत नीतियों का निर्धारण करना,

(ङ) यदि ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो जाये कि निजी विश्वविद्यालय का सुचारू रूप से कार्य करना संभव नहीं हो रहा है तो ऐसी स्थिति में प्रायोजक निकाय को स्वेच्छया भंग करने की अनुशंसा करना,

(च) ऐसी अन्य शक्तियों जो संविधियों द्वारा निर्धारित की जावे.

(4) शासी निकाय की बैठक प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में कम से कम तीन बार होगी.

(5) शासी निकाय की बैठकों के लिये गणपूर्ति कम से कम पांच की होगी.

प्रबंध मंडल. 23. (1) प्रबंध मंडल का गठन निम्नानुसार होगा, यथा-

(क) कुलपति,

(ख) प्रायोजक निकाय द्वारा नामांकित दो प्रतिनिधि,

(ग) राज्य सरकार द्वारा नामांकित दो प्रतिनिधि,

(घ) निजी विश्वविद्यालय के दो क्रमानुसार वरिष्ठतम प्राध्यापक,

(ङ) निजी विश्वविद्यालय के दो वरिष्ठतम शिक्षक जो उपधारा (1) (घ) के अतिरिक्त- चक्रीय क्रम में लिये जावेंगे.

(2) कुलपति विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल का अध्यक्ष होगा.

(3) प्रबंध मंडल की शक्तियाँ एवं दायित्व ऐसे होंगे जैसा कि संविधि द्वारा निर्धारित किये जावेंगे.

(4) प्रति दो माह में प्रबंध मंडल की कम से कम एक बैठक होगी.

(5) प्रबंध मंडल की बैठकों में गणपूर्ति पांच का होगा.

शैक्षणिक परिषद्. 24. (1) शैक्षणिक परिषद् में कुलपति तथा ऐसी संख्या में अन्य सदस्य होंगे जैसा कि संविधि द्वारा निर्धारित की जावेगी :

(2) कुलपति शैक्षणिक परिषद् का अध्यक्ष होगा.

(3) शैक्षणिक परिषद् निजी विश्वविद्यालय की प्रमुख शैक्षणिक निकाय होगी तथा इस अधिनियम, नियमों, परिनियमों एवं अध्यादेशों के प्रावधानों के अनुरूप विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों का समन्वय करेगी तथा उन पर सामान्य पर्यवेक्षण बनाये रखेगी.

(4) शैक्षणिक परिषद् की बैठकों में गणपूर्ति परिनियम के प्रावधानों के अनुरूप होगी.

अन्य प्राधिकारी.

25. निजी विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकारियों का गठन, संविधान, शक्तियाँ एवं कर्त्तव्य ऐसे होंगे जैसा कि संविधियों द्वारा निर्धारित किये जावेंगे.

प्रथम परिनियम.

26. (1) इस अधिनियम एवं नियम के प्रावधानों के अधीन रहते हुए निजी विश्वविद्यालय प्रथम परिनियम द्वारा निम्नलिखित विषयों में से सभी या किसी विषय का प्रावधान कर सकेगा, यथा-

(क) समय-समय पर गठित निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों तथा अन्य निकायों के गठन, शक्तियाँ एवं कर्तव्य.

(ख) कुलपति की नियुक्ति की शर्तें तथा उसकी शक्तियाँ एवं कर्त्तव्य.

(ग) कुलसचिव, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी की नियुक्ति की शर्तें तथा उनकी शक्तियाँ एवं कर्त्तव्य.

(घ) अन्य अधिकारियों एवं संकाय के सदस्यों की नियुक्ति की शर्तें तथा उनकी शक्तियाँ एवं कर्त्तव्य.

(ङ) निजी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की सेवा की शर्तें.

(च) अधिकारियों, संकाय के सदस्यों, कर्मचारियों एवं छात्रों के बीच विवाद की स्थिति में मध्यस्थता हेतु प्रक्रिया.

(छ) मानद उपाधियाँ प्रदान करना.

(ज) शिक्षा शुल्क से मुक्ति तथा छात्रवृत्ति प्रदान करने संबंधी प्रावधान.

(झ) प्रवेश संबंधी नीति, जिसमें गरीबी रेखा के नीचे, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति; विकलांग एवं लड़कियों की श्रेणियों के छात्र-संख्या के आरक्षण का नियमन भी समाहित हो.

(ञ) छात्रों से लिये जाने वाले शुल्क तथा ऊपर (झ) में उल्लेखित श्रेणियों की रियायत का प्रावधान.

(ट) विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु छात्र-संख्या का प्रावधान.

परंतु, यह कि निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पूर्वानुमोदन बिना, छात्रों से दान अथवा कैपिटेशन शुल्क लेने संबंधी कोई परिनियम नहीं बनायेगा.

(2) निजी विश्वविद्यालय का प्रथम परिनियम, शासी निकाय द्वारा विनियामक आयोग के अनुमोदन उपरांत बनाया जायेगा.

(3) विनियामक आयोग, विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत प्रथम परिनियमों पर उनकी प्राप्ति की तिथि से 2 माह के भीतर विचार करेगा एवं ऐसे संशोधनों सहित, जैसा कि वह उचित समझे, अपना अनुमोदन प्रदान करेगा.

(4) विश्वविद्यालय, प्रथम परिनियमों पर, जैसा कि वे विनियामक आयोग द्वारा अनुमोदित की गई हैं, अपनी सहमति संसूचित करेगा तथा यदि विश्वविद्यालय, विनियामक आयोग द्वारा उपधारा (3) के अंतर्गत किये गये संशोधनों के क्रियान्वयन हेतु सहमत न हो, तो वह उसका कारण बता सकेगा. विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये सुझावों को विनियामक आयोग स्वीकार अथवा अस्वीकार कर सकता है.

(5) राज्य सरकार, प्रथम परिनियमों को, जैसा कि विनियामक आयोग द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित किया जाता है, राजपत्र में प्रकाशित करेगा एवं तत्पश्चात् ऐसे परिनियम प्रभावशील होंगे.

अनुगामी परिनियम.

27. (1) इस अधिनियम एवं नियमों के प्रावधानों के अधीन निजी विश्वविद्यालय के परिनियम में निम्नलिखित में से समस्त अथवा किन्हीं विषयों का प्रावधान हो सकेगा-

(क) निजी विश्वविद्यालय के नये प्राधिकारी का सृजन.

(ख) लेखा नीति एवं वित्तीय प्रक्रिया.

(ग) निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व.

(घ) नये विभागों का निर्माण तथा विद्यमान विभागों का विलयन या पुनर्गठन.

(ङ) पदक एवं पुरस्कारों का सृजन.

(च) पदों का सृजन एवं विलयन.

(छ) शुल्क का पुनर्निधारण.

(ज) विभिन्न पाठ्यक्रमों में निर्धारित छात्र-संख्या में परिवर्तन.

(झ) अन्य ऐसे विषय जो अधिनियम के प्रावधानों द्वारा निर्धारित होने हैं.

(2) प्रथम परिनियमों के अतिरिक्त निजी विश्वविद्यालय के अन्य परिनियम, प्रबंध मंडल द्वारा, शासी निकाय के अनुमोदन से बनायी जायेंगी.

(3) उपधारा (2) के अंतर्गत निर्मित परिनियम विनियामक आयोग को भेजी जायेंगी तथा विनियामक आयोग, यदि आवश्यक समझे तो, उनकी प्राप्ति की तिथि से 2 माह के भीतर उनमें संशोधन के सुझाव दे सकेगा.

(4) शासी निकाय, विनियामक आयोग द्वारा सुझाये गये संशोधनों पर विचार करेगा एवं परिनियमों को अपनी टिप्पणी सहित विनियामक आयोग को वापस भेजेगा.

(5) विनियामक आयोग, शासी निकाय द्वारा दिये गये सुझावों पर विचार करेगा एवं राज्य शासन, विनियामक आयोग द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित परिनियमों को राजपत्र में प्रकाशित किया जायेगा एवं ऐसे प्रकाशन के पश्चात् वे प्रभावशील होंगे.

प्रथम अध्यादेश.

28. (1) इस अधिनियम, नियम तथा परिनियमों द्वारा निर्मित प्रावधानों के अधीन प्रथम अध्यादेश, निम्नलिखित समस्त बिन्दुओं में से किसी बिन्दु पर विचार कर सकता है अर्थात्-

(क) निजी विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रवेश और उनका नामांकन, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, विकलांग एवं लड़कियों पर विशेष विचार रखा जावेगा.

(ख) निजी विश्वविद्यालय की सभी उपाधियों, पत्रोपाधियों व प्रमाण-पत्रों के लिए अध्ययन के पाठ्यक्रमों का निर्धारण,

(ग) निजी विश्वविद्यालय की उपाधियाँ, पत्रोपाधियाँ, प्रमाण-पत्रों तथा अन्य अकादमिक वैशिष्ट्य का प्रदान किया जाना, उनके लिए न्यूनतम अर्हताएँ एवं उन्हें प्रदान करने एवं प्राप्त करने संबंधी अपनाये जाने वाली प्रणाली,

(घ) फैलोशिप, छात्रवृत्ति, शिष्यवृत्ति, पदक एवं पुरस्कार प्रदान करने संबंधी शर्तें,

(ङ) परीक्षा समितियों, परीक्षकों एवं मॉडरेटरों की नियुक्ति की प्रक्रिया एवं उनकी सेवावधि व शर्तों सहित परीक्षाओं का संचालन,

(च) निजी विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों, परीक्षाओं, उपाधियों एवं पत्रोपाधियों के शुल्क का निर्धारण,

(छ) निजी विश्वविद्यालय के छात्रों के आवास की शर्तें,

(ज) छात्रों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संबंधी प्रावधान,

(झ) निजी विश्वविद्यालय के अकादमिक वातावरण में सुधार हेतु आवश्यक होने पर किसी अन्य निकाय का सृजन, गठन एवं कार्यकलाप,

(ञ) अन्य विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा के संस्थाओं से सहयोग एवं सहभागिता की प्रणाली,

(ट) अन्य सभी प्रकरण, जो इस अधिनियम या परिनियमों के अंतर्गत हैं, अध्यादेशों द्वारा प्रस्तुत होने हैं.

(2) निजी विश्वविद्यालय का प्रथम अध्यादेश कुलपति द्वारा बनाया जायेगा जो विनियामक आयोग को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जायेगा.

(3) उपधारा (2) के अंतर्गत कुलपति द्वारा बनाये गये अध्यादेशों पर विनियामक आयोग उनकी प्राप्ति की तिथि से 2 माह के भीतर विचार करेगा एवं उसे या तो अनुमोदित करेगा या संशोधन के सुझाव देगा.

(4) कुलपति, विनियामक आयोग द्वारा दिये गये सुझावों पर अपनी टिप्पणी देगा एवं "प्रथम अध्यादेश" को विनियामक आयोग को वापस करेगा एवं उसकी प्राप्ति पर विनियामक आयोग या तो उसे अनुमोदित करेगा या उसे अस्वीकार कर देगा, एवं उसके अंतिम निर्णय के आधार पर अध्यादेश, जैसा कि विनियामक आयोग द्वारा अनुमोदित होगा, राजपत्र में राज्य शासन द्वारा प्रकाशित किया जायेगा एवं ऐसे प्रकाशन के पश्चात् अध्यादेश प्रभावशील हो जायेगा.

अनुगामी अध्यादेश.

29. (1) प्रथम अध्यादेश के अतिरिक्त शेष सभी अध्यादेश अकादमिक परिषद् द्वारा प्रबंध मंडल के अनुमोदन से निर्मित किये जायेंगे,

(2) विनियामक आयोग उपधारा 1 अंतर्गत निर्मित अध्यादेशों का अनुमोदन करेगा तथा ऐसा अनुमोदित सभी अध्यादेश राज्य शासन, राजपत्र में प्रकाशित करेगा तथा ऐसे प्रकाशन के पश्चात् अध्यादेश प्रभावशील हो जायेंगे.

रिक्तियाँ विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी की कार्यवाही की अवैधता का कारण नहीं.

30. निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकारी द्वारा की गई कोई कार्यवाही केवल कोई रिक्ति होने के कारण अथवा गठन की त्रुटि होने के कारण अवैध नहीं होगी.

आपात रिक्तियों की पूर्ति.

31. निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों अथवा निकायों के सदस्यों की मृत्यु, त्यागपत्र अथवा सदस्य को मुक्त करने अथवा जिस पद पर नियुक्ति या नामांकन हुआ था उसमें परिवर्तन होने के कारण उत्पन्न रिक्तियों को ऐसे व्यक्ति या निकाय द्वारा यथाशीघ्र पूर्ति किया जावेगा, जिसके द्वारा पहले ऐसा किया गया हो.

परंतु निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकारी अथवा निकाय की आपात रिक्तियों में सदस्य के रूप में नियुक्ति अथवा नामांकित होने पर वह सदस्य उस शेष समायावधि के लिये नियुक्ति या नामांकित होगा जिसके स्थान पर उसकी नियुक्ति या नामांकन हुआ है.

समिति.

32. निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकारी या अधिकारी ऐसी समितियों का गठन कर सकते हैं जिनके अभ्युद्देश्य की शर्तें वैसी होंगी जैसी कि इस प्रकार के समिति के विशेष कार्यों के निर्वहन के लिये आवश्यक हो. इस प्रकार की समितियों का गठन एवं उनके कर्त्तव्य वैसे ही होंगे जैसे कि परिनियम में विहित हो.

विश्वविद्यालय अभिलेख साक्ष्य का उपकरण.

33. निजी विश्वविद्यालय द्वारा संधारित अथवा विश्वविद्यालय के कब्जे की किसी रसीद, आवेदन, सूचना, आदेश, कार्यवाही किसी प्राधिकारी या समिति के प्रस्ताव अथवा अन्य दस्तावेज अथवा किसी पंजी की प्रविष्टि कुलसचिव द्वारा प्रमाणित किये जाने पर प्रथम दृष्टया ऐसी रसीद, नोटिस, आवेदन, प्रोसिडिंग प्रस्ताव अथवा इस प्रकार के विषय तथा व्यवहार के रूप में उसी प्रकार ग्राह्य होगीं जैसा कि मूल दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने की दशा में होगी.

विनियम.

34. (1) इस अधिनियम के द्वारा अथवा इसके अधीन गठित निजी विश्वविद्यालय के प्रधिकारी, इस अधिनियम के अंतर्गत, परिनियम एवं विश्वविद्यालय के अध्यादेश के प्रावधानों के अंतर्गत विनियम का निर्माण कर सकेंगे.

(2) प्रबंध मंडल द्वारा इस धारा के अंतर्गत किसी प्राधिकारी द्वारा निर्मित विनियम को संशोधित अथवा निरस्त कर सकेगा.

परिनियम अध्यादेश और विनियम की प्रभावशीलता.

35. सभी परिनियम, अध्यादेश एवं विनियम शासन के राजपत्र में प्रकाशित होने के पश्चात् प्रभावशील होंगे.

अध्याय-चार : निजी विश्वविद्यालय का विनियम

विनियामक आयोग.

36. (1) निजी विश्वविद्यालयों के विनियम के लिये राज्य स्तर पर एक विनियामक आयोग स्थापित किया जावेगा जो राज्य शासन एवं केन्द्रीय नियामक अभिकरण के बीच अध्यापन, परीक्षा, शोध एवं अन्य कार्यक्रम में यथोचित मानक स्तर सुनिश्चत करने, विद्यार्थियों के हित संरक्षण तथा कर्मचारियों को तर्कसंगत सेवा शर्तें सुनिश्चित करने के लिये होगा, साथ ही विश्वविद्यालय को कार्य करने की पूर्ण स्वतंत्रता बनाए रखेगा.

(2) विनियामक आयोग कुलाध्यक्ष के सामान्य नियंत्रण में कार्य करेगा.

(3) विनियामक आयोग के गठन में;

(क) एक अध्यक्ष तथा दो पूर्णकालिक सदस्य जिनमें से एक सदस्य "सदस्य अकादमिक" और दूसरा "सदस्य प्रशासनिक" होगा तथा दो से अनधिक अंशकालिक सदस्य होंगे जो कुलाध्यक्ष द्वारा नियुक्त किये जायेंगे.

(ख) एक पूर्णकालिक या अंशकालिक सचिव होंगे.

(4) अध्यक्ष की नियुक्ति कुलाध्यक्ष द्वारा एक ऐसे पेनल से की जायेगी जिसकी अनुशंसा राज्य शासन के द्वारा की गई हो और जिसमें ऐसे ख्यातिप्राप्त शिक्षाविदों को शामिल किया गया हो, जिन्हें उच्च शिक्षा की संस्थाओं के कार्य का समुचित अनुभव हो.

(5) सदस्यों की नियुक्ति कुलाध्यक्ष द्वारा ऐसे पेनल में से की जायेगी जिसे राज्य शासन द्वारा अनुशंसित किया हो और जिसमें शिक्षा, वित्त, विधि, प्रशासनिक/प्रबंधन आदि में प्रसिद्धि प्राप्त व्यक्तियों के नाम शामिल हों.

(6) अध्यक्ष तथा सदस्य ऐसे होंगे जो कि इस अधिनियम के तहत स्थापित विश्वविद्यालयों से किसी तरह से संबंधित न हो.

(7) अध्यक्ष तथा सदस्यों की सेवा के निबंधन तथा शर्तें, बैठकों की विधि, आयोग के कर्मचारीवृंद की नियुक्तियों और उनकी सेवा शर्तों, विशिष्ट प्रयोजनों के लिये अस्थायी सहयुक्ति, आयोग की निधि, वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा, अंकेक्षण और इस प्रकार के अन्य मामले जो कि आयोग के सही संचालन के लिये आवश्यक हो, राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में बनाये नियमों द्वारा उल्लिखित होंगे.

						• Library and Information Science • Fine Arts/Performing Arts/Visual Arts/Applied Arts • Hotel Management/Hospitality/ Tourism/Travel • Sciences/Applied Science • Engineering/Technology/ Architecture/Design • Bachelor of Vocational Education/ Skill Development • Health and Applied Science • Paramedical /Nursing. • Rehabilitation Science • Sanskrit Sounding Degrees • **Physical Education."**

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 312] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 16 दिसम्बर 2005—अग्रहायण 25, शक 1927

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 16 दिसम्बर 2005

अधिसूचना

क्रमांक एफ 3-62/2005/38.—छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 (क्रमांक 13 सन् 2005) की धारा 42 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत राज्य शासन निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) नियम 2005 का निम्नलिखित नियमन निर्धारित कर रही है.

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.**

(क) ये नियम "छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) नियम 2005" कहे जाएंगे.

(ख) इसका विस्तार समस्त छत्तीसगढ़ राज्य होगा।

(ग) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएँ.

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 (क्रमांक 13, सन् 2005)।

(ख) "आयोग" से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा 36 के अंतर्गत स्थापित विनियामक आयोग।

(ग) "उच्च शिक्षा" से अभिप्रेत है, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य।

(घ) "निजी विश्वविद्यालय" से अभिप्रेत है, अधिनियम के अंतर्गत निगमित निजी विश्वविद्यालय।

(ङ) "नियमन" से अभिप्रेत है, अधिनियम के प्रावधानों के अधीन नियम।

(च) "प्रायोजक निकाय" से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा 2 की उपधारा 29 में परिभाषित प्रायोजक निकाय।

(छ) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य।

(ज) "विजिटर" से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा 2 की उपधारा 38 द्वारा परिभाषित निजी विश्वविद्यालय के विजिटर।

(झ) उपयोग किये गये उन शब्दों या अभिव्यक्तियों के, जो इन नियमों में परिभाषित नहीं है और छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 में परिभाषित है, जैसा कि संदर्भ अपेक्षित करे, वही अर्थ होंगे जैसा कि अधिनियम में दिये गये हैं।

3. स्थापना हेतु आवेदन.

(क) निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए इच्छुक प्रायोजक निकाय विनियामक आयोग को संलग्न प्रारूप–क में दर्शाएनुसार आवेदन देगा।

(ख) आवेदन पर उस व्यक्ति के हस्ताक्षर होंगे जिसे प्रायोजक निकाय के लिखतों को अभिप्रमाणित करने के लिए अधिकृत किया गया हो।

(ग) आवेदन के साथ रू0 5,000/– (रू0 पॉच हजार) का आवेदन शुल्क क्रास्ड अकाउंट पेयी ड्राफ्ट के माध्यम से भेजना होगा जो छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के नाम पर होगा तथा जो रायपुर में भुगतान योग्य होगा।

(घ) निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आवेदन के साथ एक परियोजना प्रतिवेदन संलग्न करना होगा।

(ड.) प्रायोजक निकाय द्वारा प्रस्तुत आवेदन की पावती विनियामक आयोग द्वारा दी जावेगी।

4. विन्यास निधि की स्थापना.

(क) निजी विश्वविद्यालय की स्थापना चाहने वाले प्रायोजक निकाय द्वारा अधिनियम की धारा 11 के प्रावधानों के अनुसार अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (2) के अधीन आशय पत्र प्राप्त होने के उपरांत विन्यास निधि की स्थापना की जाएगी।

(ख) विन्यास निधि की राशि संलग्नक–ख में दिये गये प्रारूप में छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के खाते में प्रायोजक निकाय के हस्ताक्षर से क्रास्ड एकांउट पेयी ड्राफ्ट द्वारा, जो छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के नाम से होगा तथा जो रायपुर में भुगतान योग्य होगा, जमा की जाएगी। इसकी पावती का प्रमाण पत्र संलग्न प्रारूप–ग में आयोग द्वारा दिया जावेगा।

5. विन्यास निधि का विनियोजन.

(क) निधि की तरलता, उसकी सुरक्षा तथा लाभदायकता सुनिश्चित करने की दृष्टि से विभिन्न मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए विनियामक आयोग विन्यास निधि का किसी अनुसूचित बैंक में सावधि जमा के रूप में विनियोजन करेगा।

(ख) विनियोजन से आय की राशि का विनियामक आयोग अपने कार्यों के संचालन के लिए उपयोग कर सकेगा।

6. विन्यास निधि से आय.

(क) तत्समय भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बचत बैंक खाता में जमा राशियों पर दी जाने वाली ब्याज की दर से विनियामक आयोग, प्रायोजक निकाय को विन्यास निधि की राशि पर ब्याज देगा।

(ख) विन्यास निधि से प्राप्त आय किसी अनुसूचित बैंक में एक संयुक्त बचत खाते में जमा की जावेगी। संयुक्त खाता प्रायोजक निकाय तथा "छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग" के नाम से होगा।

(ग) विन्यास निधि की आय का उपयोग ऐसे किसी कार्य में नहीं किया जाएगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रायोजक निकाय से संबंधित हो। विन्यास निधि से प्राप्त आय का उपयोग निजी विश्वविद्यालय द्वारा मात्र विश्वविद्यालय के विकास कार्यों में ही किया जाएगा।

7. <u>विन्यास निधि का समपहृत किया जाना.</u>

(क) विनियामक आयोग का यह समाधान होने पर कि ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि उसे अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) अथवा/एवं धारा 40 अथवा 41 के प्रावधानों के अंतर्गत सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना आवश्यक हो गया है तो इस संबंध में वह संबंधित निजी विश्वविद्यालय के प्रायोजक निकाय को पूर्ण विन्यास निधि या उसके एक अंश तथा उस पर प्राप्त आय, यदि कोई हो, को अपने लिए समपहृत करने के लिए, अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) के प्रावधानों को क्रियान्वित करने हेतु, कारण बताओं सूचना जारी करेगा।

(ख) विन्यास निधि को समपहृत करने हेतु जारी किये गये कारण बताओ सूचना का जवाब प्रायोजक निकाय को सूचना प्राप्ति के 45 दिनों के अंदर देना होगा।

(ग) कारण बताओ सूचना के जवाब की प्राप्ति निर्धारित अवधि के अंदर प्रायोजक निकाय से प्राप्त न होने पर विनियामक आयोग, विन्यास निधि समपहृत करने हेतु आदेश प्राप्त करने की अनुशंसा राज्य शासन को कर सकेगा तथा आदेश प्राप्त हो जाने पर विन्यास निधि समपहृत कर ली जाएगी और समपहृत राशि राज्य के खाते में शीर्ष " 0202 – शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति; (103) – विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा; (0883) – निजी विश्वविद्यालय से प्राप्तियॉ " के अंतर्गत जमा की जाएगी।

8. <u>विन्यास निधि और उससे प्राप्त आय की वापसी.</u>

(क) यदि प्रायोजक निकाय अपने द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अधीन स्थापित निजी विश्वविद्यालय को किन्हीं कारणों से अथवा ऐसी परिस्थितियों के कारण जो उसके नियंत्रण में नहीं है स्वयं बंद करना चाहे तो इन परिस्थितियों में प्रायोजक निकाय को यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि उसके द्वारा स्थापित उस निजी विश्वविद्यालय में भर्ती किया गया कोई भी विद्यार्थी प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं होगा। इसके लिए प्रायोजक निकाय को अध्ययनरत् विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम पूरा करने, परीक्षा सम्पन्न कराने तथा उसके आधार पर संबंधित विद्यार्थियों की उपाधि, पत्रोपाधि, प्रमाणपत्र आदि देने की संपूर्ण योजना भी विनियामक आयोग को प्रस्तुत करना होगा। विनियामक आयोग पूर्ण रूप से संतुष्ट होने पर कि प्रायोजक निकाय ने प्रस्तुत की गई योजना के अनुसार छात्रों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर लिया है, प्रायोजक निकाय से इस आशय का शपथ प्रस्तुत करने को कहेगा कि प्रायोजक निकाय की राज्य सरकार, विद्यार्थियों और निजी विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों तथा अन्य किसी के प्रति कोई देनदारी नहीं है। शपथपत्र प्राप्त होने पर विनियामक आयोग शपथपत्र के तथ्यों का परीक्षण करेगा। इस बात से संतुष्ट होने पर कि शपथपत्र पूरी तरह से सही हैं, विनियामक आयोग विन्यास निधि तथा उस पर प्राप्त आय, यदि कोई हो, प्रायोजक निकाय को वापस करेगा।

(ख) विनियामक आयोग प्रायोजक निकाय द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र का परीक्षण करेगा और यदि विनियामक आयोग प्रस्तुत शपथपत्र के तथ्यों से सहमत नहीं है, तो वह वहाँ विन्यास निधि और उससे प्राप्त आय के ऐसे अंश को, जिसे वह उचित समझे, रोक कर रखेगा और उस समय तक वापस नहीं करेगा जब तक कि वह इस बात से संतुष्ट न हो जावे कि प्रायोजक निकाय की राज्य सरकार, विद्यार्थियों और निजी विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों के प्रति अब कोई देनदारी नहीं है तथा निजी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम व परीक्षा पूरी करने तथा इनके आधार पर विद्यार्थियों को उपाधि, पत्रोपाधि, प्रमाणपत्र आदि देने की व्यवस्था कर ली गई है।

(ग) परंतु यह भी कि, जहाँ किसी प्रायोजक निकाय ने निजी विश्वविद्यालय प्रारंभ करने की मंशा से अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (2) के प्रावधानों के अंतर्गत आशय पत्र प्राप्त होने के पश्चात् विन्यास निधि की राशि विनियामक आयोग की निधि में जमा की है तथा जहाँ विनियामक आयोग इस बात से संतुष्ट है कि अधिनियम की धारा 8 के अनुसार विश्वविद्यालय की स्थापना संबंधी प्रस्ताव से, वह उन कारणों से सहमत नहीं हो सकता जिन्हें वह लिखित में उल्लेख करेगा और इसलिए इस स्थिति में नहीं है कि राज्य सरकार को यह सलाह दे कि अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (1) के अनुसार विश्वविद्यालय की स्थापना की जाये तो विनियामक आयोग विन्यास निधि की राशि प्रायोजक निकाय को उस पर प्राप्त आय, यदि कोई हो, के सहित वापस करेगा।

9. <u>शुल्क जमा करने की प्रक्रिया.</u>

(क) प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों से एकत्रित किये शुल्क का वह अंश जो विनियामक आयोग के पास अधिनियम की धारा 12 के प्रावधानों के अंतर्गत देय होगा, क्रॉस्ड एकाउण्टपेयी बैंक ड्रॉफ्ट/बैंकर चेक, जो कि "छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग" के नाम से होगा तथा रायपुर में भुगतान योग्य होगा, संलग्न प्रारूप–घ में दर्शाये अनुसार किया जायेगा।

(ख) विनियामक आयोग निजी विश्वविद्यालयों द्वारा जमा की गई राशि 15 दिन के अंदर राज्य के कोषालय में शीर्ष "0202 – शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति; (103) – विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा; (0883) – निजी विश्वविद्यालय से प्राप्तियाँ" के अंतर्गत जमा करेगा जिसका विवरण संलग्न प्रारूप–ड. में दर्शाये अनुसार रखा जावेगा और इसकी एक प्रतिलिपि प्रायोजक निकाय को भेजी जाएगी।

(ग) इन नियमों के प्रावधानों के तहत निजी विश्वविद्यालयों से एकत्रित किया गया और शासकीय कोषालय में जमा किये शुल्क, तथा दंडात्मक ब्याज यदि कोई हो, जो लगाया गया हो और शासकीय कोषालय में जमा किया गया हो तो इस संबंध का जरूरी विवरण हर वित्तीय वर्ष में विनियामक आयोग के कार्यालय में रखा जायेगा । संलग्नक-च में दर्शाये अनुसार दण्डात्मक ब्याज की जानकारी रखी जावेगी।

10. <u>विनियामक आयोग की स्थापना.</u>

(क) राज्य में कार्यरत "छत्तीसगढ़ निजी क्षेत्र विश्वविद्यालय विनियामक आयोग" का उत्तराधिकारी "छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग" होगा तथा अधिनियमों एवं उसके अंतर्गत बनाये गये नियमों के प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगा।

(ख) "छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग" का मुख्यालय रायपुर होगा।

11. विनियामक आयोग के कृत्य.

(क) विनियामक आयोग उन समस्त कृत्यों का निर्वहन करेगा जैसा कि अधिनियम की धारा 36 की उपधारा (8) में उल्लिखित है तथा ऐसे अन्य कृत्य भी जिन्हें वह अधिनियम की धारा 36 की उपधारा (1) में उल्लिखित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक समझता है।

(ख) निजी विश्वविद्यालयों तथा निजी क्षेत्र की उच्च शिक्षा संस्थाओं से संबंधित अन्य ऐसे विषय जो राज्य शासन द्वारा संदर्भित किया जावें।

12. विनियम बनाने की शक्तियॉं.

(क) आयोग अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन तथा प्रशासन और प्रबंध की प्रक्रिया विनियमन के रूप में निर्धारित करेगा।

(ख) जब तक इन नियमों के प्रावधानों के अनुसार विनियमन नहीं बन जाते, विनियामक आयोग अपने प्रशासन और प्रबंध के लिए छत्तीसगढ़ शासन का, यथावश्यक परिवर्तन सहित, नियम अपना सकेगा या ऐसी व्यवस्था कर सकेगा जैसा कि वह उचित समझे।

13. कुलाध्यक्ष का सामान्य नियंत्रण.

(क) विनियामक आयोग कुलाध्यक्ष के सामान्य नियंत्रण में अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा।

(ख) विनियामक आयोग के सामान्य नियंत्रण के कर्त्तव्यों के निर्वहन के लिए कुलाध्यक्ष विनियामक आयोग के क्रियाकलापों से संबंधित कोई भी कागज–पत्र या जानकारी मंगा सकेगा और ऐसा करने के कारण लिखित में अंकित किये जायेंगे तथा इस आधार पर लिखित में विनियामक आयोग को ऐसे निर्देश दिये जा सकेंगे ।

(ग) कुलाध्यक्ष ऐसा कोई निर्देश देने के पहले चाहे तो आयोग से विषय पर उसके विचार प्राप्त कर सकेगा तथा यदि वो चाहेगा तो किसी विषय पर निर्देश देने के पहले विनियामक आयोग से प्रकरण व्यक्तिशः प्रस्तुत करने के लिए भी कह सकेगा।

14. अध्यक्ष तथा सदस्यों की सेवाओं का निबंधन तथा शर्तें.

(1)(क) अध्यक्ष या पूर्णकालिक सदस्य या अंशकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति 3 वर्ष की अवधि तक पद धारण करेगा।

(ख) कोई व्यक्ति जो अध्यक्ष या सदस्य के रूप में पद धारण कर चुका है, यथास्थिति, अध्यक्ष या सदस्य के रूप में आगे एक और अवधि की नियुक्ति के लिए पात्र होगा ।

(ग) कोई ऐसा व्यक्ति जो अधिनियम की व्यवस्था के तहत स्थापित निजी विश्वविद्यालय में पद धारण किया था या किये हैं या छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर स्थित किसी निजी विश्वविद्यालय में पद धारण किया था या किये हैं, वह अध्यक्ष या पूर्णकालिक सदस्य या अंशकालिक सदस्य के पद की नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(2) कोई व्यक्ति 70 वर्ष की आयु के पश्चात् पद पर नहीं रह सकेगा।

(3) अध्यक्ष या पूर्णकालिक सदस्य या अंशकालिक सदस्य कुलाध्यक्ष को संबोधित किये गये अपने हस्ताक्षरयुक्त लिखित पत्र द्वारा अपना पद त्याग कर सकेगा तथा वह उस त्याग पत्र की प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग को पृष्ठांकित करेगा।

(4) यदि किसी समय किसी ज्ञापन के आधार पर या अन्यथा कारणों से कुलाध्यक्ष को यह प्रतीत होता है कि अध्यक्ष अथवा सदस्य द्वारा –

(क) अधिनियम के अंतर्गत उसको सौंपे गये कर्त्तव्यों के निवर्हन में चूक हुई है, या;
(ख) विनियामक आयोग के हितों के विपरीत पूर्वाग्रह से कार्य किया गया है, या;
(ग) विनियामक आयोग के कार्यों का प्रबंधन करने में अक्षम है, तो कुलाध्यक्ष यह मानते हुए भी कि उसके कार्यकाल की अवधि समाप्त नहीं हुई है, लिखित आदेश द्वारा कारणों का उल्लेख करते हुए, अध्यक्ष/सदस्य को पदमुक्त होने के लिए उस दिनांक से जैसा कि आदेश में उल्लेख हो, आदेशित कर सकता है।

(5) उप धारा (4) में उल्लिखित दिनांक से अध्यक्ष अथवा सदस्य अपने कार्यभार से मुक्त माने जाएंगे और अध्यक्ष या सदस्य का कार्यालय रिक्त मान लिया जाएगा।

(6) यदि अध्यक्ष अथवा पूर्णकालिक सदस्य या अंशकालिक सदस्य का पद मृत्यु के कारण, त्याग पत्र के कारण या अन्यथा भी आकस्मिक रूप से रिक्त होता है, तो नई नियुक्तियों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति की जावेगी।

शिक्षा विभाग, कुलाध्यक्ष से सम्पर्क करके, किसी पूर्णकालिक सदस्य को अध्यक्ष के कार्यालय की आकस्मिक रिक्तता को भरने के लिये नियुक्त कर सकेगा जो दो माह से अधिक समय के लिये नहीं होगा।

(7) अध्यक्ष के छुट्टी पर रहने के कारण या उसकी रूग्णता के कारण या अन्य कारणों से अनुपस्थित रहने के दौरान अध्यक्ष द्वारा नाम निर्दिष्ट पूर्णकालिक सदस्य अध्यक्ष के कृत्यों एवं कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा।

(8) अध्यक्ष तथा पूर्णकालिक सदस्यों का पद पूर्णकालिक एवं वैतनिक होगा ।

(9) पूर्णकालिक सदस्य ऐसे कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगे जो समय–समय पर उन्हें अध्यक्ष द्वारा सौंपे जायेंगे ।

(10) अध्यक्ष को समग्र रूप से रूपये 25,000/– प्रतिमाह का वेतन, पेंशन तथा पेंशन के बराबर उपादान (ग्रेच्युटी) की पात्रता होते हुए भी प्राप्त होगा।

परंतु यदि अध्यक्ष को कोई पेंशन प्राप्त नहीं हो रही है तो उसे प्रतिमाह रूपये 25,000/– वेतन तथा उस पर छत्तीसगढ़ राज्य शासन के प्रथम श्रेणी अधिकारी/कर्मचारी को समय–समय पर देय महँगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते प्राप्त करने की पात्रता होगी।

(11) अध्यक्ष को विनियामक आयोग के मुख्यालय में निःशुल्क साज–सज्जा युक्त आवास की पात्रता होगी, जिसका रख–रखाव राज्य शासन द्वारा किया जावेगा।

(12) अध्यक्ष को एक कार, एक ड्राइवर तथा कार्यालय में एवं निवास पर एस.टी.डी. सुविधा सहित दूरभाष उपलब्ध कराए जावेंगे।

(13) पूर्णकालिक सदस्यों को समग्र रूप से रूपये 18,400/– प्रतिमाह वेतन, पेंशन तथा पेंशन के बराबर उपादान की पात्रता होते हुए भी प्राप्त होगा।

यदि किसी सदस्य को पेंशन प्राप्त नहीं हो रही हो तो उसे प्रतिमाह रूपये 18,400/– वेतन तथा राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी अधिकारी/कर्मचारी को देय समय–समय पर मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते की पात्रता होगी।

(14) पूर्णकालिक सदस्यों को राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी कर्मचारियों को तत्समय दिये जाने वाले दर से मकान भाड़ा भत्ता की पात्रता होगी और इसके साथ ही उनके कार्यालय एवं निवास पर एस.टी.डी. सुविधा सहित टेलिफोन की पात्रता होगी।

(15) अध्यक्ष तथा पूर्णकालिक सदस्यों को एक कैलेंडर वर्ष में 13 दिन के आकस्मिक अवकाश तथा 1 माह के अर्जित अवकाश/मेडिकल अवकाश की पात्रता होगी। अध्यक्ष तथा पूर्णकालिक सदस्यों के अवकाश का लेखा विनियामक आयोग के कार्यालय में रखा जायेगा।

(16) आयोग अथवा शासन के कार्यो से यात्रा के दौरान राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी कर्मचारियों को देय यात्रा एवं दैनिक भत्ते की दर से इन भत्तों की पात्रता अध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्यों को होगी। इसके साथ वे तीन सितारा तंक के होटल में रह सकेंगे जिसके व्यय की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

(17) राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी के कर्मचारियों को देय मेडिकल सुविधाएँ या उसके बदले में मेडिक्लेम, जैसा कि शिक्षा विभाग तय करे, पात्रता अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक सदस्यों को होगी।

(18) अध्यक्ष तथा पूर्णकालिक सदस्यों को आयोग से सेवानिवृत्ति संबंधी सुविधाएँ, प्राप्त नहीं होंगी जैसे पेंशन, उपादान या दोनों।

(19) अंशकालिक सदस्यों को रूपये 1,000/– प्रतिदिन की दर से बैठक शुल्क तथा राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी के कर्मचारियों को देय दर से यात्रा भत्ते की पात्रता होगी। इसके अतिरिक्त कर्त्तव्य पर व्यतीत अवधि के लिए तीन सितारा तक के होटल में रूकने के व्यय की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

15. <u>आयोग का सम्मिलन.</u>

(क) आयोग ऐसे समय तथा स्थान पर सम्मिलन करेगा, जैसा कि अध्यक्ष द्वारा तय किया जावेगा।

(ख) आयोग के सम्मिलनों में अध्यक्ष और उनकी अनुपस्थिति में आयोग के वरिष्ठतम् पूर्णकालिक सदस्य अध्यक्षता करेंगे।

(ग) आयोग के किसी सम्मिलन में विचारार्थ सभी प्रश्नों पर निर्णय उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत के आधार पर होगा।

परंतु यदि कोई भी सदस्य नहीं नियुक्त हुआ है तो अध्यक्ष प्रश्नों पर निर्णय सकारण जारी किये गये आदेश/संकल्पों द्वारा लेगा।

परंतु यह और भी कि यदि बैठक में अध्यक्ष और केवल एक सदस्य उपस्थित हों तो प्रश्नों पर निर्णय सकारण आदेश/संकल्प जारी करके अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सदस्य का मत रिकार्ड करते हुए लिया जायेगा।

(घ) विनियामक आयोग की बैठक का कार्यवृत्त अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किसी पूर्णकालिक सदस्य या आयोग के अधिकारी द्वारा तैयार किया जायेगा। कार्यवृत्त का अभिप्रमाणीकरण अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा तथा उन्हें विनियामक आयोग के स्थायी रिकार्ड के रूप में रखा जायेगा।

16. <u>रिक्तियों आदि से आयोग की कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होना.</u>

आयोग की कोई भी कार्यवाही केवल इस कारण अविधिमान्य नहीं समझी जायेगी कि :–

(क) आयोग में कोई रिक्ति है या उसके गठन में कोई त्रुटि है; या
(ख) आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति की नियुक्ति में कोई त्रुटि है; या
(ग) आयोग की कार्यवाही में कोई अनियमितता है;

किंतु जो कि प्रकरण की गुणवत्ता को प्रभावित नहीं करती है।

17. <u>विशिष्ट प्रयोजनों के लिए आयोग के साथ व्यक्तियों की अस्थायी सहयुक्ति.</u>

(क) आयोग किसी भी व्यक्ति को, जिसकी सहायता या सलाह अधिनियम या उसके अंतर्गत बनाये गये नियमों के उपबंधों के क्रियान्वयन के लिए चाहता है, वह अपने साथ सहयुक्त कर सकेगा।

(ख) आयोग द्वारा उसके साथ उपनियम (1) के अधीन किसी भी प्रयोजन के लिए सहयुक्त किये गये व्यक्ति को उस प्रयोजन से संगत चर्चाओं में भाग लेने का अधिकार होगा, किंतु उसे आयोग के सम्मिलन में मत देने का अधिकार नहीं होगा और वह किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए सदस्य नहीं होगा।

(ग) नियम 17 के अंतर्गत आयोग के साथ सहयुक्त किये गये व्यक्ति को रूपये 500/– प्रतिदिन की दर से बैठक शुल्क एवं छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम श्रेणी के कर्मचारियों को तत्समय देय यात्रा भत्ते की पात्रता होगी।

18. <u>विनियामक आयोग के आदेशों तथा अन्य लिखितों का अभिप्रमाणीकरण.</u>

आयोग के समस्त आदेशों तथा विनिश्चय, सचिव के हस्ताक्षर द्वारा अभिप्रमाणित किये जावेंगे और इस कार्य के लिए सचिव की नियुक्ति होते तक अध्यक्ष या अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित किया जावेगा और आयोग द्वारा जारी किये गये समस्त निर्णयों या अन्य लिखितों को सचिव या सचिव की नियुक्ति होते तक अध्यक्ष या अयोग के किसी अन्य व्यक्ति, जिसे इस संबंध में उसी रीति में प्राधिकृत किया गया है, अभिप्रमाणित किया जावेगा।

19. आयोग को संदाय.

छत्तीसगढ़ शासन, राज्य विधानसभा द्वारा सम्यक विनियोग के पश्चात्, आयोग को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में ऐसी राशि का जो कि अधिनियम के अधीन आयोग के कृत्यों के पालन के लिए आवश्यक समझा जाये, संदाय करेगा।

20. विनियामक आयोग की निधि .

(क) विनियामक आयोग की अपनी स्वयं की निधि होगी और ऐसी समस्त राशियाँ जिनका समय–समय पर, राज्य सरकार द्वारा उसे संदाय किया जाये तथा आयोग की समस्त प्राप्तियाँ (जिनमें विन्यास निधि, अतिरिक्त निधि तथा कोई भी ऐसी राशि सम्मिलित होगी जो किसी अन्य प्राधिकारी या व्यक्ति द्वारा आयोग को सौंपी जाये) निधि में रखी जायेगी तथा आयोग द्वारा समस्त संदाय उसी में से किया जायेगा ।

(ख) निधि का समस्त धन किसी अनुसूचित बैंक, जैसा कि रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम 1934 (क्रमांक 2 सन् 1934) में परिभाषित किया गया है, में जमा किया जायेगा।

(ग) आयोग अधिनियम के अधीन अपने कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए ऐसी राशियाँ, जो कि वह उचित समझे व्यय कर सकेगा, और ऐसी राशियों को विनियामक आयोग की निधि से चर्ख की जाने वाली मानी जावेंगी।

21. बजट.

आयोग प्रतिवर्ष ऐसे प्रारूप में तथा ऐसे समय पर, जैसा कि वह तय करे, आगामी वित्तीय वर्ष के संबंध में बजट तैयार करेगा जिसमें प्राक्कलित प्राप्तियाँ तथा व्यय दर्शाये जायेंगे और उसकी प्रतिलिपियाँ उच्च शिक्षा विभाग को इस आशय से अग्रेषित की जायेंगी कि वह राज्य विधानसभा द्वारा इस संबंध में किये गये सम्यक विनियोग के पश्चात् आयोग को राशियों का संदाय कर सके, जैसा कि ऊपर नियम 19 में उल्लिखित है।

22. वार्षिक रिपोर्ट.

आयोग प्रत्येक वर्ष में एक बार, ऐसे प्रारूप में तथा ऐसे समय पर जैसा कि आयोग द्वारा तय किया जाये, एक वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा जिसमें पिछले वर्ष के दौरान के उसके क्रियाकलापों का सही तथा पूर्ण लेखा–जोखा दिया जायेगा तथा उसकी प्रतिलिपि उच्च शिक्षा विभाग को अग्रेषित की जायेगी । उच्च शिक्षा विभाग उसे राज्य विधानसभा के समक्ष रखवायेगा।

23. लेखा तथा सम्परीक्षा.

(क) विनियामक आयोग अपने लेखा के संबंध में ऐसी लेखा पुस्तकें तथा अन्य पुस्तकें ऐसे प्रारूप में तथा ऐसी रीति में, जैसा कि उसके द्वारा तय किया जाये, रखवायेगा।

(ख) विनियामक आयोग अपनी वार्षिक लेखाओं को बंद करने के पश्चात्, यथाशीघ्र लेखाओं का विवरण ऐसे प्रारूप तथा ऐसी तारीख तक तैयार करेगा, जैसा कि आयोग तय करे।

(ग) आयोग के लेखाओं की संपरीक्षा चार्टर्ड अकांउटेंट द्वारा वित्तीय वर्ष समाप्ति के तुरंत बाद की जायेगी।

(घ) विनियामक आयोग की वार्षिक लेखा, जैसा कि चार्टर्ड अकांउन्टेंट द्वारा प्रमाणित किया गया है, उनकी संपरीक्षा रिपोर्ट सहित उच्च शिक्षा विभाग को अग्रेषित किया जायेगा तथा उच्च शिक्षा विभाग उन्हें राज्य विधानसभा के समक्ष रखवायेगा।

24. विनियामक आयोग के कर्मचारीवृंद, आवास और अन्य सुविधाएँ.

(क) विनियामक आयोग उतने कर्मचारी जितने कि अधिनियम के अधीन उसके कृत्यों के दक्ष पालन के लिए आवश्यक हो, प्रतिनियुक्ति पर या अन्य तरीके से नियुक्त करेगा।

(ख) विनियामक आयोग अपने अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवास साज–सज्जा और ऐसी अन्य सुविधाएं प्राप्त करेगा जैसा कि वह आवश्यक समझे।

25. नियमों का शिथिलीकरण (Relaxation of Rules).

इन नियमों द्वारा जिन प्रकरणों का समाधान न हो सकता हो उन प्रकरणों पर विनियामक आयोग की अनुशंसा पर राज्य शासन ऐसा निर्णय ले सकेगा जो साम्य के सिद्धांत (Principle of Equity) द्वारा समर्थित है।

26. नियम विधानसभा के पटल पर रखा जाना.

ये नियम विधानसभा के पटल पर रखे जायेंगे।

27. निरसन एवं व्यावृति.

छत्तीसगढ़ निजी क्षेत्र विश्वविद्यालय नियम 2004 एवं इस नियम के प्रभावशील होने के ठीक पहले तक यदि कोई आदेश, संकल्प प्रभावी हो, तो जैसी भी स्थिति हो, वे इसके उपरांत विखंडित या निरस्त माने जावेंगे।

परंतु इन निरस्त नियमों के अधीन दिया गया कोई आदेश या की गई कार्यवाही, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों द्वारा किया गया या की गई कार्यवाही समझी जावेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. डी. गुप्ता, उप–सचिव.

संलग्नक – क

छत्तीसगढ़ राज्य में निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए आवेदन का प्रारूप

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 की धारा 4 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत

[देखें नियम 3 से 6]

प्रति,

अध्यक्ष,
छ.ग. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग
रायपुर, (छ0ग0)

(1)	प्रायोजक निकाय का विवरण . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में हैं)		
	(क)	नाम	
	(ख)	पता	
	(ग)	पिन कोड क्रमांक	
	(घ)	दूरभाष क्रमांक (एस.टी.डी. कोड सहित)	
	(ड.)	फैक्स क्रमांक	
	(च)	ई–मेल	
(2)	प्रायोजक निकाय के पंजीकरण एवं उसके संविधान तथा उपविधियों संबंधी विवरण . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में हैं)		
	(क)	प्रायोजक निकाय छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 (क्रमांक 44 सन् 1973 के अंतर्गत पंजीकृत है; या	
	(ख)	यह कोई सार्वजनिक न्यास है; या	
	(ग)	क्या कंपनी अधिनियम 1956 (सन् 1956 का क्रमांक–1) की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी है.	
	(घ)	क्या प्रायोजक निकाय एक ऐसा निकाय है जो उक्त (क), (ख), (ग) की व्यवस्था अनुसार पंजीकृत नहीं है किन्तु तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियम के अधीन पंजीकृत है ? यदि हॉ तो उस अधिनियम की जानकारी जिसके अंतर्गत पंजीकृत है.	
	(ड.)	पंजीकरण की प्रामाणिक प्रति आवेदन के साथ संलग्न करें.	
	(च)	संविधान तथा उपविधियों की प्रति संलग्न करें.	

(3)	प्रायोजक निकाय के विगत् 03 वर्षो के अंकेक्षण प्रतिवेदन की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(4)	प्रायोजक निकाय के वित्तीय संसाधन की विस्तृत जानकारी . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(5)	प्रस्तावित विश्वविद्यालय का नाम . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(6)	उस स्थान का पूरा पता जहाँ प्रस्तावित विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर रहेगा . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(7)	प्रस्तावित विश्वविद्यालय के उद्देश्य . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(8)	क्या प्रस्तावित विश्वविद्यालय, भारतीय संविधान की धारा 30 के प्रावधानों के अनुसार अल्पसंख्यक दर्जे की मांग करेगा, यदि हॉ, तो उसका विवरण . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(9)	विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का स्थानन, यदि सामान्य क्षेत्र से अलग हो . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
	(क)	प्रस्तावित विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर क्या किसी अनुसूचित क्षेत्र में रहेगा ? यदि हॉ तो सक्षम प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न करें कि प्रस्तावित स्थानन क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र है.	
	(ख)	क्या विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर रायपुर नगर सीमा के अधीन स्थापित करना प्रस्तावित है ? यदि हॉ तो सक्षम प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण प्रस्तुत करें कि प्रस्तावित स्थानन रायपुर नगर निगम सीमा के अधीन है.	

(10)	**प्रस्तावित विश्वविद्यालय के उपयोग के लिए आवश्यक भूमि की जानकारी .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
	(क)	आवेदन की तिथि में विश्वविद्यालय के पूर्ण उपयोग के लिए यदि कोई भूमि उपलब्ध है तो उसका विवरण.	
	(1)	भूमि का स्वामित्व (आवश्यक प्रमाण के साथ)	
	(2)	भूमि का क्षेत्रफल.	
	(3)	भूमि का नक्शा.	
	(ख)	आशय पत्र प्राप्त होने के पश्चात् प्राप्त की जाने वाली भूमि संबंधी जानकारी.	
	(1)	भूमि का स्वामित्व (आवश्यक प्रमाण के साथ)	
	(2)	भूमि का क्षेत्रफल.	
	(3)	भूमि का नक्शा.	
	(4)	भूमि किससे प्राप्त की जायेगी.	
	(5)	भूमि प्राप्त करने हेतु वित्त व्यवस्था.	
(11)	**विश्वविद्यालय प्रारंभ होने के पहले परिसर विकास का विस्तृत ब्यौरा .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
	(क)	भवन निर्माण, अन्य संरचनात्मक सुविधायें एवं अधोसंरचनात्मक सुविधाएँ .	
	(ख)	उपकरणों को प्राप्त करने हेतु योजना	
	(ग)	आगामी पॉच वर्षों हेतु चरणबद्ध कार्यक्रम की रूप–रेखा.	
(12)	**पूँजीगत व्यय का आगामी पॉच वर्षों के लिए चरणबद्ध विवरण तथा वित्त व्यवस्था के स्रोत .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(13)	**संकायों की प्रकृति (नाम) .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
	(क)	संकायों का नाम यथा : विज्ञान, कला, वाणिज्य, तकनीकी शिक्षा आदि .	
	(ख)	प्रत्येक संकाय के अंतर्गत पाठ्यक्रमों के प्रकार यथा : स्नातक, स्नातकोत्तर आदि .	

	(ग)	प्रत्येक पाठ्यक्रम की राज्य के विकास के संदर्भ में प्रासंगिकता .	
	(घ)	प्रत्येक पाठ्क्रम में छात्रों की लक्षित संख्या .	
	(ड.)	पाठ्यक्रमों के लिए अगले 05 वर्षों हेतु चरणबद्ध प्रस्तावित कार्यक्रम .	
	(च)	प्रत्येक पाठ्यक्रम के संबंध में यह जानकारी की क्या इसे प्रारंभ करने के लिये केन्द्रीय नियामक अभिकरण अथवा/और राज्य नियामक अभिकरण की पूर्व अनुमति आवश्यक है ? यदि हॉ तो उसके संबंध में जानकारी, यदि पूर्व अनुमति प्राप्त नहीं की गयी है तो प्राप्त न करने का विस्तृत विवरण, इस विवरण में यह भी स्पष्ट किया जाए कि केन्द्र/राज्य सरकार के किस अधिनियम/आदेश के तहत पूर्व अनुमति आवश्यक है.	
(14)	**प्रायोजक निकाय की संबंधित विधाओं में उपलब्ध (यदि कोई हो) पूर्व अनुभव तथा विशेषज्ञता .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(15)	**प्रस्तावित पाठ्यक्रमों एवं शोध हेतु आवश्यक अकादमिक सुविधाओं की उपलब्धता .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
	(क)	अध्यापक.	
	(ख)	तकनीकी/गैर–तकनीकी कर्मचारी.	
	(ग)	उपकरण एवं प्रयोगशाला.	
(16)	**प्रस्तावित प्रत्येक पाठ्यक्रमों पर अलग–अलग व्यय का विवरण .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
	(क)	आवर्ती व्यय का अनुमान.	
	(ख)	उपलब्ध वित्त स्रोत.	
	(ग)	अनुमानित व्यय प्रति विद्यार्थी,	
(17)	**संसाधनों को गतिमान करने की योजना हेतु .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
	(क)	पूँजी की लागत.	
	(ख)	स्त्रोतों के भुगतान की प्रक्रिया.	

(18)	**विभिन्न आंतरिक स्त्रोतों से प्रत्याशित आय से कोष निर्माण की योजना .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में हैं)		
	(क)	छात्र शुल्क द्वारा.	
	(ख)	परामर्श सेवा द्वारा.	
	(ग)	विश्वविद्यालय के उद्देश्यों से संबंधित अन्य गतिविधियों द्वारा.	
(19)	**प्रस्तावित पाठ्यक्रमों हेतु प्रस्तावित शुल्क ढाँचा, रियायत एवं छात्रवृत्ति .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में हैं)		
	(क)	सामान्य वर्ग हेतु.	
	(ख)	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु.	
	(ग)	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु	
(20)	**पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रस्तावित प्रक्रिया .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में हैं)		
(21)	**अध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु प्रस्तावित प्रक्रिया .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में हैं)		
(22)	**शिक्षा प्रदाय की विधि .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में हैं)		
	(क)	परम्परागत शिक्षा पद्धति.	
	(ख)	दूरवर्ती शिक्षा पद्धति.	
	(ग)	उपरोक्त वर्णित दोनों प्रकार की शिक्षा पद्धति	
(23)	**यदि दूरवर्ती शिक्षा प्रस्तावित हो तो प्रस्तावित केन्द्रों के नाम तथा विवरण .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में हैं)		
(24)	**स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यक्रम तथा विशिष्ट अध्यापन, प्रशिक्षण या शोध गतिविधियों का विवरण .** (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में हैं)		

(25)	कृषक, महिलाओं तथा विशेष रूप से इस राज्य में स्थित उद्योगों के लाभ हेतु चलाये जाने वाले कार्यक्रम . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(26)	उपलब्ध या/प्रस्तावित अन्य सुविधाएँ .		
	(क)	छात्र/छात्राओं के लिए छात्रावास की उपलब्धता.	
	(ख)	खेल मैदान.	
	(ग)	राष्ट्रीय कैडेट कोर, स्काऊट एवं गाईड, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि.	
(27)	छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में प्रस्तावित दूर परिसर केन्द्र/अध्ययन केन्द्र का विवरण . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(28)	प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता एवं औचित्य . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(29)	यदि प्रायोजक निकाय द्वारा पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय स्थापित किया गया था तो उसकी सम्पूर्ण जानकारी जिसमें स्थापना की अधिसूचना क्रमॉक व दिनांक तथा पूर्व अधिनियम के साथ संलग्न अनुसूची 1 का क्रमॉक दर्शाएं । इसके साथ यह भी दर्शाएं कि क्या विन्यास निधि अथवा/अतिरिक्त निधि जमा की गई है या जमा है ? यदि हॉ, तो इसके संबंध में सप्रमाण सम्पूर्ण जानकारी . (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
(30)	आवेदन शुल्क की जानकारी (बतायें) :– (विस्तृत जानकारी परियोजना प्रतिवेदन की कंडिका .....में है)		
	(क)	रेखांकित डिमाण्ड ड्राफ्ट की राशि.	
	(ख)	उस बैंक का नाम जिसने डिमाण्ड ड्राफ्ट जारी किया है.	
	(ग)	डिमाण्ड ड्राफ्ट का क्रमांक एवं दिनांक.	
	(घ)	डिमाण्ड ड्राफ्ट के पीछे की ओर प्रायोजक निकाय का तथा प्रस्तावित विश्वविद्यालय का नाम दें.	

उपरोक्तानुसार .....(प्रायोजक निकाय का नाम) की ओर से .....
(प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय का नाम) के स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना

एवं संचालन) अधिनियम 2005 (क्रमांक – 13 सन् 2005) के प्रावधानों के अनुसार एतद् द्वारा आवेदन प्रस्तुत है। इस आवेदन के प्रत्येक बिन्दु पर विस्तृत विवरण परियोजना प्रतिवेदन में दिया गया है। प्रत्येक बिन्दु के आगे दर्शायी परियोजना प्रतिवेदन की संदर्भित कंडिका/कंडिकाओं में विस्तृत जानकारी देखी जा सकती है।

मैं प्रमाणित करता हूँ कि :–

(क) मुझे .....(हस्ताक्षरकर्ता का नाम) को .....(प्रायोजक निकाय का नाम) की ओर से आवेदन प्रस्तुत करने के लिए अधिकृत किया गया है।

(ख) प्रायोजक निकाय ने यह संकल्प किया है कि .....(प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय का नाम) के नाम से निजी विश्वविद्यालय स्थापित करेगा तथा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 (क्रमांक – 13 सन् 2005) तथा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालयों के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाये गये नियमों एवं प्रावधानों का पालन किया जायेगा और यह भी संकल्प किया है कि छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन किया जायेगा (संकल्प की प्रति संलग्न की जाये) ।

स्थान : .....
दिनांक: .....

हस्ताक्षर .....
नाम एवं पदनाम .....
प्रायोजक निकाय का नाम.....

संलग्नकों की सूची :

दो गवाहों के हस्ताक्षर, नाम एवं पता :–

(1)	हस्ताक्षर
	नाम
	पता
(2)	हस्ताक्षर
	नाम
	पता

निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के आवेदन प्रस्तुत करने हेतु मार्गदर्शी टीप :–

(1) छत्तीसगढ़ राज्य में निजी क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिये आवेदन देने से पहले छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 (क्रमांक 13 सन् 2005) में दिये गये प्रावधानों को सावधानीपूर्वक पढ़ लेवें।

(2) छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, 29/776, प्लाट नं.–5, ब्लॉक नं.–3, राम मंदिर के सामने, मधुपिल्लै चौक, शांति नगर, रायपुर, पिनकोड – 492007 में रूपए 500/– (रू0 पॉच सौ मात्र) का क्रास्ड अकाउन्ट पेयी ड्राफ्ट, जो कि "छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग" के नाम से हो तथा रायपुर में भुगतान योग्य हो जमा कर व्यक्तिशः या ऐसा ही रूपया 550/– (रू0 पॉच सौ पचास) का ड्राफ्ट भेजकर विश्वविद्यालय स्थापित करने के आवेदन का प्रारूप अधिनियम तथा नियमों की प्रति डाक द्वारा प्राप्त की जा सकती है।

(3) प्रायोजक निकाय या उनका प्रतिनिधि निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में विनियामक आयोग से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकता है। मार्गदर्शक सत्र पहले से समय निर्धारित कराने पर ही आयोजित किया जा सकेगा।

* * * * * *

संलग्नक–ख

विन्यास निधि की स्थापना के लिए आवेदन

प्रति,

अध्यक्ष
छ.ग. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग
रायपुर, (छ0ग0)

(1)	प्रायोजक निकाय का विवरण .		
	(क)	नाम	
	(ख)	पता	
	(ग)	पिन कोड क्रमांक	
	(घ)	दूरभाष क्रमांक (एस.टी.डी. कोड सहित)	
	(ड.)	फैक्स क्रमांक	
	(च)	ई–मेल	
(2)	प्रस्तावित विश्वविद्यालय का नाम .		
(3)	उस स्थान का पूरा पता जहॉ प्रस्तावित विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर रहेगा .		
(4)	विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का स्थानन, यदि सामान्य क्षेत्र से अलग हो .		
	(क)	प्रस्तावित विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर क्या किसी अनुसूचित क्षेत्र में रहेगा ? यदि हॉ तो सक्षम प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न करें कि प्रस्तावित स्थानन क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र है.	
	(ख)	क्या विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर रायपुर नगर सीमा के अधीन स्थापित करना प्रस्तावित है ? यदि हॉ तो सक्षम प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण प्रस्तुत करें कि प्रस्तावित स्थानन रायपुर नगर निगम सीमा के अधीन है.	
(5)	पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय की विन्यास निधि का विवरण (बताए)*		

	(क)	पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय का नाम.	
	(ख)	पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय के प्रायोजक निकाय का नाम.	
	(ग)	अधिसूचना का क्रमांक एवं दिनांक जिसके अंतर्गत पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय स्थापित किया गया था.	
	(घ)	पूर्व अधिनियम के साथ संलग्न अनुसूची 1 में पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय का क्रमांक.	
	(ड.)	क्या पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर अनुसूचित क्षेत्र में स्थापित था ?	
	(च)	पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय के विन्यास निधि की राशि जो विनियामक आयोग के पास जमा है (बैंक की पे–इन–स्लीप) की फोटो प्रति लगाकर प्रमाण दें.	
	(छ)	अधिनियम की धारा 11 के उपधारा (1) के खण्ड (ख) के परंतुक में प्रावधानित अनुसार विन्यास निधि की वह शुद्ध राशि जो प्रायोजक निकाय द्वारा पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय की विन्यास निधि को समायोजित कर जमा करना प्रस्तावित है.	
(6)	विन्यास निधि का विवरण (बताए) .		
	(क)	विन्यास निधि की राशि	
	(ख)	बैंक ड्राफ्ट नं. तथा पूर्ण विवरण जिसमें बैंक का नाम, ब्रांच का नाम, ब्रांच का नं., ब्रांच का कोड उस बैंक का शामिल हो जिसनें बैंक ड्राफ्ट जारी किया हो.	
	(ग)	बैंक ड्राफ्ट जारी करने का दिनांक.	
	(घ)	उस व्यक्ति का नाम तथा पदनाम जिसनें प्रायोजक निकाय की ओर से विन्यास निधि की राशि जमा की है.	
	(ड.)	बैंक ड्राफ्ट के पीछे प्रायोजक निकाय तथा प्रस्तावित विश्वविद्यालय का नाम लिखें.	

* यह जानकारी केवल उन प्रायोजक निकायों को देना है जिन्होंने पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय स्थापित किये थे अन्य प्रायोजक निकाय यहॉ निरंक जानकारी देवें.

(7)	**विन्यास निधि से प्राप्त आय जमा करने के लिये बचत खाता खोलने का प्रमाण .**		
	(क)	उस अनुसूचित बैंक का नाम, उसके शाखा का नाम सहित जिसमें बचत खाता खोला गया है.	
	(ख)	वह राशि जिससे बचत बैंक खाता खोला गया है। बैंक द्वारा जारी पे–इन–स्लीप संलग्न करें.	
	(ग)	उस व्यक्ति का नाम एवं पदनाम जो कि प्रायोजक निकाय की ओर से बचत खाते का संचालन करेगा.	
	(घ)	बचत बैंक खाता क्रमांक एवं इस खाते की स्थापना का दिनांक.	
(8)	**आशय पत्र का विवरण (बताए) .**		
	(क)	जारी करने का क्रमांक और दिनांक.	
	(ख)	प्रायोजक निकाय को प्राप्त होने का दिनांक.	
	(ग)	आशय पत्र की फोटो प्रति संलग्न करें.	
(9)	**विन्यास निधि की स्थापना के संदर्भ में अन्य कोई जानकारी जो प्रायोजक निकाय देना चाहे या कोई आवेदन जो इस संदर्भ में प्रायोजक निकाय करना चाहे .**		

उपरोक्तानुसार .....(प्रायोजक निकाय का नाम) की ओर से ..... (प्रस्तावित विश्वविद्यालय का नाम) की विन्यास निधि की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 (क्रमांक – 13 सन् 2005) के प्रावधानों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत है।

मैं प्रमाणित करता हूँ कि :–

(क) मुझे .....(हस्ताक्षरकर्ता का नाम) को .....(प्रायोजक निकाय का नाम) की ओर से विन्यास निधि की स्थापना हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के लिए अधिकृत किया गया है।

(ख) प्रायोजक निकाय ने यह संकल्प किया है कि .....(प्रस्तावित विश्वविद्यालय का नाम) के नाम से विश्वविद्यालय स्थापित करेगा तथा रूपया (अंकों में) ..... रूपया (शब्दों में) ..... विन्यास निधि के रूप में जमा करेगा तथा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 (क्रमांक – 13 सन् 2005) तथा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालयों के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाये गयें नियमों एवं प्रावधानों का पालन किया जायेगा और यह भी संकल्प किया है कि छत्तीसगढ़ निजी

विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन किया जायेगा ।

स्थान : .....
दिनांक: .....

हस्ताक्षर .....
नाम एवं पदनाम .....
प्रायोजक निकाय का नाम.....

दो गवाहों के हस्ताक्षर, नाम एवं पता :-

(1)	हस्ताक्षर
	नाम
	पता
(2)	हस्ताक्षर
	नाम
	पता

संलग्नक–ग

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, रायपुर.

दूरभाष क्र.	
फैक्स, क्र.	
ई–मेल	
दिनांक	

क्र.

विषयः– छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, रायपुर के खाते में जमा "विन्यास निधि" के लिए प्रमाण पत्र।

संदर्भः– छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना तथा संचालन अधिनियम) 2005 की धारा 11(1) देखें।

क्रमांक	विश्वविद्यालय का नाम	उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आशय पत्र का संदर्भ	प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय की स्थापना का क्षेत्र (सामान्य/अधिसूचित क्षेत्र)	राशि	जमा किये गये डिमांड ड्राफ्ट का विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)

स्थान :

दिनांक :

हस्ताक्षर

नाम एवं पदनाम

प्रायोजक निकाय का नाम (पद मुद्रा सहित)

संलग्नक–घ

एकत्रित किये गये शुल्क का विवरण जो विनियामक आयोग को भेजा गया

विश्वविद्यालय का नाम			
पिनकोड सहित पता			
दूरभाष क्रमांक एस.टी.डी. कोड नम्बर सहित		फैक्स नं.	
		ई–मेल	
विवरण क्रमांक .....वर्ष			

उस माह का नाम, जिसके लिए शुल्क एकत्रित किया गया है .....

स.क्र.	परिसर/अध्ययन केन्द्र का नाम	परिसर/अध्ययन केन्द्र का पता	पाठ्यक्रम का नाम	नामांकित विद्यार्थियों की संख्या	प्रतिमाह शुल्क की दर	कुल एकत्रित शुल्क	कॉलम 7 में दर्शाये कुल शुल्क का 1 %	विशेष
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)

कॉलम–7 का योग : रूपए .....(अंकों में) रूपये.....(शब्दों में)
कॉलम–8 का योग : रूपए .....(अंकों में) रूपये.....(शब्दों में)

(1) उस बैंक का तथा उसकी शाखा का नाम, जिसके द्वारा डिमांड ड्राफ्ट जारी किया गया.....
(2) डिमाण्ड ड्रॉफ्ट क्रमांक .....
(3) डिमाण्ड ड्रॉफ्ट जारी करने की तारीख .....

यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त विवरण में दी गई शुल्क एकत्रित करने की जानकारी हमारे द्वारा जॉच ली गई है तथा सही है।

दिनांक .....

कुलसचिव

मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी

मार्गदर्शी टीप :

(1) कॉलम क्रमांक – 4 : उस पाठ्यक्रम का उल्लेख करें, जिसके लिए शुल्क विद्यार्थियों से एकत्रित किया गया है।

(2) कॉलम क्रमांक – 6 : "शुल्क" से अभिप्रेत है निजी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों से लिया जाने वाला शुल्क जो किसी भी नाम से परंतु वापसी योग्य नहीं है।

संलग्नक–ड.

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, रायपुर

	दूरभाष क्रमांक	
	फैक्स क्रमांक	
	ई–मेल	
क्रमांक	दिनांक	

विषय : छत्तीसगढ़ राज्य की संचित निधि में जमा किया गया शुल्क का विवरण।
संदर्भ : छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 (क्रमांक 13, 2005) की धारा – 12 देखें।

कोषालय में जमा की गई शुल्क की राशि का विवरण

सं. क्र.	विश्वविद्यालय का नाम	वह माह जिसमें शुल्क एकत्रित की गई	विवरण क्रमांक तथा वर्ष	राशि	विविध
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)

कॉलम–5 का योग : रूपए .....(अंकों में) रूपये.....(शब्दों में)

(1) Payee का नाम : छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर .....
(2) वह मद, जिसके अंतर्गत राज्य की संचित निधि में जमा की गई है .....
(3) कोषालय का नाम जिसमें राशि जमा की गई है .....
(4) Account Payee चेक का क्रमांक .....
(5) चेक जारी करने का दिनांक .....
(6) बैंक का नाम जिस पर चेक आहरित किया गया है .....
(7) विनियामक आयोग के उस अधिकारी का नाम एवं पदनाम जिसने चेक पर हस्ताक्षर किये हैं .....

(1) हस्ताक्षर .....(2) हस्ताक्षर .....
पदनाम ..... पदनाम .....

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय
विनियामक आयोग, रायपुर

मार्गदर्शी टीप :

(i) कॉलम क्रमांक – 4 : प्रत्येक माह में एकत्रित किये गये शुल्क और उसे विनियामक आयोग को भेजने संबंधी विवरण प्रारूप – तीन में है। प्रारूप – 3 में भेजे जाने वाले विवरण को संबंधित निजी विश्वविद्यालय क्रमांक देगा । निजी विश्वविद्यालय इसमें वर्ष भी लिखेगा। यह विवरण क्रमांक तथा वर्ष इस कॉलम में विनियामक आयोग के कार्यालय द्वारा अंकित किया जायेगा।

624 (24) छत्तीसगढ़ राजपत्र, दिनांक 16 दिसम्बर 2005

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, रायपुर

दूरभाष क्रमांक	
फैक्स क्रमांक	
ई–मेल	
दिनांक	

क्रमांक

विषय : छत्तीसगढ़ राज्य की संचित निधि में जमा किया गया दंडात्मक ब्याज का विवरण।
संदर्भ : छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 (क्रमांक 13, 2005) की धारा – 12 देखें।

स. क्र.	विश्वविद्यालय का नाम	विनियामक आयोग का संकल्प क्रमांक जिसके द्वारा दंडात्मक ब्याज लगाने और एकत्रित करने के लिए अधिकृत किया गया है	राशि	विवधि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

कॉलम–4 का योग : रूपए .....(अंकों में) रूपये .....(शब्दों में)

(1) Payee का नाम : छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर .....
(2) वह मद, जिसके अंतर्गत राज्य की संचित निधि में जमा की गई है .....
(3) कोषालय का नाम जिसमें राशि जमा की गई है .....
(4) Account Payee चेक का क्रमांक .....
(5) चेक जारी करने का दिनांक .....
(6) बैंक का नाम जिस पर चेक आहरित किया गया है .....
(7) विनियामक आयोग के उस अधिकारी का नाम एवं पदनाम जिसने चेक पर हस्ताक्षर किये हैं .....

(1) हस्ताक्षर .....(2) हस्ताक्षर .....
पदनाम ..... पदनाम .....

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय
विनियामक आयोग, रायपुर

रायपुर, दिनांक 16 दिसम्बर 2005

क्र. एफ 3-62/2005/38.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 3-62/2005/38 दिनांक 16-12-2005 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. डी. गुप्ता, उप-सचिव.

Raipur, the 16th December 2005

NOTIFICATION

No. F 3-62/2005/38.—In exercise of powers conferred by Section 42 of the Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act, 2005 (No. 13 of 2005), the State Government hereby makes the following Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Rules, 2005.

1.Short title and Commencement:- (a) These rules may be called "Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation), Rules, 2005.

(b) It extends to the whole State of Chhattisgarh.

(c) It shall come into force on the date of its publication in the official Gazette.

2.Definitions:- (a) "Act" means Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act, 2005 (No.13 of 2005);

(b) "Commission" means the Regulatory Commission established under section 36 of the Act;

(c) "Higher Education" means the Higher Education Department, State of Chhattisgarh;

(d) "Private University" means the Private Universities incorporated under the Act;

(e) "Regulation" means the regulation made under the provisions of the Act;

(f) "Sponsoring Body" means the sponsoring body as defined in clause 29 of section 2 of the Act;

(g) "State" means the State of Chhattisgarh;

(h) "Visitor" means the visitor of the private universities as defined in clause 38 of Section 2 of the Act.

"Words and Expression" used but not defined in these rules and defined in the Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation Act, 2005, as the context requires, have the same meaning as assigned to them in the Act.

3. Application for Establishment:- (a) Sponsoring body intending to establish a private university shall submit the application for establishment of the private university in prescribed form shown in Annexure "A" to the Regulatory Commission.

(b) Application shall be signed by the person authorized to authenticate instruments on behalf of the Sponsoring Body.

(c) Application fee of Rs.5000/- (Rs:five thousand only) shall be sent alongwith application through a crossed account payee draft in the name of the "Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission" payable at Raipur.

(d) Application for the establishment of the Private University shall be accompanied by a Project Report.

(e) Application submitted by the sponsoring body shall be duly acknowledged by the Regulatory Commission.

4. Establishment of Endowment Fund:-(a) Sponsoring Body intending to establish a Private University shall establish an Endowment Fund after receiving the Letter of intent as provided under sub-section (2) of Section 6 of the Act in accordance with the provision of Section 11 of the Act.

(b) The Endowment fund shall be deposited in the fund of the Regulatory Commission under the signature of Sponsoring Body through crossed account payee draft in the name of the "Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission" payable at Raipur in form shown in Annexure "B" & shall be issued a certificate of receipt by the Commission in form shown in Annexure "C".

5. Investment of Endowment Fund:- (a) The Regulatory Commission shall invest the Endowment Fund in the form of Fixed Deposit in some Scheduled Bank, keeping in view of the various parameters for ensuing liquidity, security and profitability of the funds.

(b) Proceeds from the investment shall be utilised by the Commission for performing its function.

6. Income from Endowment Fund:- (a) The Regulatory Commission shall pay to the Sponsoring Body interest on the amount of the Endowment Fund at the rate at which the State Bank of India pay the interest, during the period under consideration, on the savings Bank Account.

(b) Income from the Endowment fund shall be deposited in a Joint Savings Bank Account opened in a Scheduled Commercial Bank. Joint Account will be in the name of the Sponsoring Body and "Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission."

(c) Income from the Endowment Fund shall not be invested in any business connected directly or indirectly with the Sponsoring Body. This Income shall be used only for the development of the University

Provided that, if the Member is getting any pension from Government or Semi Government/Government aided institutions, the pay would be fixed by deducting the pension (before commutation) + dearness relief from the basic pay in pay structure (as per revised pay scale) + dearness allowance at the time of retirement (which should not be less than Rs. 52,120/-).

Provided further that if retirement is prior to commencement of present revised pay scale than pay shall be fixed, by deducting basic revised pension + relief (if any) which may not exceed actual pension from the minimum basic pay applicable for direct recruitment (which shall not be less than Rs. 52,120/-) in corresponding revised pay structure on the pay scale admissible at the time of retirement."

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
S. K. CHOUDHARY, Deputy Secretary.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 491] रायपुर, बुधवार, दिनांक 17 सितम्बर 2014— भाद्र 26, शक 1936

उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 16 सितम्बर 2014

अधिसूचना

क्रमांक एफ 5-6/2012/38-2.— छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 (क्र. 13 सन् 2005) की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए , राज्य सरकार, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) नियम, 2005 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :-

संशोधन

उक्त नियमों में,-

1. नियम 14 के उप-नियम (19) में, शब्द, अंक एवं चिन्ह " रुपये 1,000/-" के स्थान पर, शब्द एवं अंक "रु. 2000" प्रतिस्थापित किया जाये.

2. नियम 17 के खण्ड (ग) में, शब्द, अंक एवं चिन्ह " रुपये 500/-" के स्थान पर, शब्द एवं अंक "रु. 1000" प्रतिस्थापित किया जाये.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एल. गुप्ता, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 16 सितम्बर 2014

क्रमांक एफ 5-6/2012/38-2. — भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 5-6/2012/38-2, दिनांक 16-09-2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एल. गुप्ता, उप-सचिव.

Raipur, the 16th September 2014

NOTIFICATION

No. F 5-6/2012/38-2.—In exercise of the powers conferred by Section 42 of the Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act, 2005 (No. 13 of 2005) the State Government, hereby, makes the following further amendment in the Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Rules. 2005. namely :-

AMENDMENT

In the said rules,-

1. In sub-rule (19) of rule 14, for the word, figure and symbol "Rs. 1000/-", the word and figure " Rs. 2000" shall be substituted.

2. In clause (c) of rule 17, for the word, figure and symbol "Rs. 500/-", the words and figure "Rs. 1000" shall be substituted.

'By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
M. L. GUPTA, Deputy Secretary.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2014.

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 220] रायपुर, मंगलवार, दिनांक 30 मई 2017— ज्येष्ठ 9, शक 1939

उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 29 अप्रैल 2017

अधिसूचना

क्रमांक एफ 5–6/2012/38–2. — छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 (क्र.13 सन् 2005) की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) नियम, 2005 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :–

संशोधन

उक्त नियमों मे, –

नियम 14 में,–

(क) उप–नियम (10) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :–

"(10) अध्यक्ष को, प्रतिमाह रू. 75,000 समेकित वेतन आहरित करने एवं उस पर नियमानुसार देय अन्य भत्तों की पात्रता होगी :

परंतु यदि अध्यक्ष को, शासकीय/अर्ध–शासकीय/शासन से अनुदान प्राप्त संस्थाओं से पेंशन प्राप्त हो रही है, तो मूल वेतन का निर्धारण, सेवानिवृत्ति की तारीख पर अनुज्ञेय मूल वेतन (जो रू. 75,000/– से कम न हो) में से सेवानिवृत्ति पर निर्धारित मूल पेंशन (संराशिकृत राशि को सम्मिलित करते हुए) को घटाकर किया जायेगा। अध्यक्ष को, इस प्रकार से निर्धारित मूल वेतन पर, राज्य शासन के कर्मचारियों को, समय–समय पर, अनुज्ञेय दरों से मंहगाई भत्ता की पात्रता होगी, पेंशन एवं पेंशन पर मंहगाई राहत पृथक से देय होगी।"

(ख) उप–नियम (13) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :–

"(13) पूर्णकालिक सदस्य, रू. 37,400–67,000 के वेतन बैंड में, मूल वेतन रू. 52,120 (42,120 बैंड वेतन + 10,000 ग्रेड वेतन) एवं उस पर नियमानुसार देय भत्तों के हकदार होंगे:

परंतु, यदि सदस्य को, शासकीय/अर्ध–शासकीय/शासन से अनुदान प्राप्त संस्थाओं से पें ान प्राप्त हो रही है, तो मूल वेतन का निर्धारण सेवानिवृत्ति की तारीख पर अनुज्ञेय मूल वेतन (जो रू. 52,120/– से कम न हो) में से सेवानिवृत्ति पर निर्धारित मूल पेंशन (संराशिकृत राशि को सम्मिलित करते हुए) को घटा कर किया जायेगा। उसे, इस प्रकार से निर्धारित मूल वेतन पर, राज्य शासन के कर्मचारियों को, समय–समय पर अनुज्ञेय दरों से मंहगाई भत्तों की पात्रता होगी, पेंशन एवं पेंशन पर मंहगाई राहत पृथक से देय होगी।"

(ग) उप–नियम (14) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :–

"(14) पूर्णकालिक सदस्य, राज्य शासन के प्रथम श्रेणी अधिकारी के समकक्ष आवास, मकान किराया भत्ते एवं वाहन के हकदार होंगे।"

(घ) उप–नियम (17) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :–

"(17) अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक सदस्य, राज्य शासन के प्रथम श्रेणी अधिकारी के समकक्ष चिकित्सा प्रतिपूर्ति अथवा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यथा विनिश्चित चिकित्सा बीमा के हकदार होंगे।

No. F 5-6/2012/38-2. — In exercise of the powers conferred by Section 42 of the Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act, 2005 (No. 13 of 2005), the State Government, hereby, makes the following further amendment in the Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Rules, 2005, namely :-

AMENDMENT

In the said rules,-

In rule 14,-

(a) for sub-rule (10), the following shall be substituted, namely :-

"(10) The Chairman shall be eligible to draw a consolidated pay of Rs 75,000 per month and other allowances payable thereon as per rules:

Provided that if the Chairman is getting pension from Government/Semi-Government/Government-aided institutions, the basic pay shall be fixed by deducting the basic pension determined (inclusive of commuted amount) on retirement from admissible basic pay (which should not be less than Rs 75,000/-) on the date of retirement. The Chairman shall be eligible for dearness allowance on the basic pay so fixed at rates admissible to employees of the State Government, from time to time, pension and dearness relief on pension shall be payable separately."

(b) for sub-rule (13), the following shall be substituted, namely :-

"(13) The full time Members shall be entitled to basic pay of Rs. 52,120 (42,210 Band Pay+10,000 Grade Pay) in pay band of Rs. 37,400-67,000 and allowances payable thereon as per rules:

Provided that if the Member is getting pension from Government/Semi-Government/Government-aided institutions, the basic pay shall be fixed by deduction of the basic pension determined (inclusive of commuted amount) on retirement from admissible basic pay (which should not be less than Rs. 52,120/-) on the date of retirement. He shall be eligible for dearness allowance on the basic pay so fixed at rates admissible to employees of the State Government, from time to time, pension and dearness relief on pension shall be payable separately."

(c) for sub-rule (14), the following shall be substituted, namely :-

"(14) The full time Members shall be entitled to residence, house rent allowance and vehicle equivalent to Class-I Officer of the State Government."

(d) for sub-rule (17), the following shall be substituted, namely :-

"(17) The Chairman and full time Members shall be entitled to medical reimbursement equivalent to Class-I Officer of the State Governemnt or medical insurance as decided by the Department of Higher Education."

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डॉ. समरेन्द्र सिंह, राज्य एनएसएस अधिकारी व पदेन उपसचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2017.

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 451] रायपुर, सोमवार, दिनांक 28 सितम्बर 2020 — आश्विन 6, शक 1942

उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

अटल नगर, दिनांक 18 सितम्बर 2020

अधिसूचना

क्रमांक एफ 20–1/2017/38–2 (पार्ट).— छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 (क्र. 13 सन् 2005) की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, राज्य के निजी विश्वविद्यालयों द्वारा परिसर केन्द्र एवं अध्ययन केन्द्र की स्थापना के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:–

नियम

भाग–एक : प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ.**– (1) ये नियम छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (दूर–परिसर केन्द्र एवं अध्ययन केन्द्र की स्थापना) नियम, 2020 कहलायेंगे।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा।

(3) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**– (1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 (क्र. 13 सन् 2005);

(ख) "मुख्य परिसर" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ में स्थित निजी विश्वविद्यालयों का मुख्य परिसर, जिनके न्यूनतम पांच विश्वविद्यालयीन के शिक्षण विभाग अथवा अध्ययन शालायें हो और जहाँ कुलपति एवं कुलसचिव निवास करते हों तथा विश्वविद्यालय का मुख्य कार्यालय भी स्थित हो;

(ग) "दूर–परिसर केन्द्र" से अभिप्रेत है निजी विश्वविद्यालय का केन्द्र, जो मुख्य परिसर से बाहर स्थापित हो, किन्तु राज्य के भीतर हो, जिसका संचालन एवं संधारण इसकी (विश्वविद्यालय की) घटक इकाई के रूप में होता हो;

(घ) "निजी विश्वविद्यालय" से अभिप्रेत है उक्त अधिनियम के अधीन स्थापित एवं निगमित निजी विश्वविद्यालय;

(ङ) "विनियामक निकाय" से अभिप्रेत है उच्च शिक्षा के मानकों को सुनिश्चित करने हेतु मानदण्ड एवं शर्तों को निर्धारित करने के लिये केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा स्थापित केन्द्र अथवा राज्य विनियामक

निकाय;

(च) "विनियामक आयोग" से अभिप्रेत है उक्त अधिनियम की धारा 36 के अधीन स्थापित विनियामक आयोग;

(छ) "नियम" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) नियम, 2005;

(ज) "अध्ययन केन्द्र" से अभिप्रेत है दूरस्थ शिक्षा के संदर्भ में विद्यार्थियों को परामर्श, मंत्रणा या किसी अन्य प्रकार की सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से निजी विश्वविद्यालय द्वारा राज्य में स्थापित तथा संधारित केन्द्र, जो किसी दो या दो से अधिक संचार माध्यमों जैसे रेडियो प्रसारण, दूरदर्शन, पत्राचार पाठ्यक्रम, सेमिनार, संपर्क कार्यक्रम और इसी प्रकार की किसी अन्य पद्धति के संयोजन से शिक्षा प्रदान करता है।

(2) शब्द या अभिव्यक्तियाँ, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं, किन्तु परिभाषित नहीं है, के क्रमशः वही अर्थ होंगे, जैसा कि अधिनियम में उनके लिये समनुदेशित है।

भाग–दो : दूर–परिसर केन्द्र

3. **स्थापना और संचालन.**– (1) मुख्य परिसर की स्थापना एवं विकास के पांच वर्ष पूर्ण होने के पश्चात्, दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना के लिए इच्छुक निजी विश्वविद्यालय, विनियामक आयोग को अनुलग्नक–क में आवेदन प्रस्तुत करेगा।

(2) प्रायोजक निकाय, दूर–परिसर केन्द्र स्थापित करने का संकल्प पारित करेगा तथा आवेदन पत्र में कुलसचिव द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा।

(3) आवेदन के साथ रूपये 5000/– (रूपये पांच हजार) का आवेदन शुल्क क्रास किये गये एकाउन्ट पेयी ड्राफ्ट के माध्यम से "छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग" के नाम पर भेजा जायेगा और रायपुर में भुगतान योग्य होगा।

4. **दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना हेतु शर्तें.**– (1) विश्वविद्यालय निम्नानुसार भूमि प्राप्त करेगाः–

(क) 1.5 एकड़ भूमि, यदि रायपुर जिले के नगर निगम की सीमा के अन्दर दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना प्रस्तावित हो।

(ख) 2.5 एकड़ भूमि, यदि किसी अन्य स्थान में दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना प्रस्तावित हो।

(2) वह प्रशासकीय तथा शैक्षणिक प्रयोजन के लिए न्यूनतम 10,000 वर्गफीट का निर्मित क्षेत्र उपलब्ध करायेगा।

(3) विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा अन्य विनियामक निकायों द्वारा समय समय पर विहित नियमों तथा शर्तों का पालन करेगा।

5. प्रस्ताव का मूल्यांकन.– (1) विनियामक आयोग, दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना के लिये आवेदन पत्र प्राप्त होने पर यथा उल्लिखित तथ्यों के संबंध में ऐसी जांच करेगा, जैसा कि आवश्यक समझे।

(2) प्रस्ताव/आवेदन पत्र का मूल्यांकन करते समय, विनियामक आयोग निम्नलिखित बातों को विचार में रखेगा :–

(क) जहां दूर–परिसर केन्द्र प्रस्तावित है, वहां शिक्षा और शोध के क्षेत्र में विश्वविद्यालय का योगदान।

(ख) यथोचित संसाधनों की व्यवस्था।

6. आशय पत्र.– नियम 5 में यथा उपबंधित जांच और मूल्यांकन के पश्चात्, यदि विनियामक आयोग संतुष्ट हो जाता है कि विश्वविद्यालय को, दूर–परिसर केन्द्र स्थापित करने का अधिकार दिया जा सकता है, तो विनियामक आयोग, राज्य शासन के पूर्वानुमोदन से, विश्वविद्यालय को दूर–परिसर केन्द्र स्थापित करने का आशय पत्र जारी कर सकेगा।

7. पालन प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुति.– (1) विश्वविद्यालय, आशय पत्र जारी होने के एक वर्ष की कालावधि के भीतर सभी आवश्यक शर्तों की पूर्ति करेगा।

(2) विश्वविद्यालय, पालन प्रतिवेदन के साथ निम्नलिखित शुल्क विनियामक आयोग में प्रस्तुत करेगाः–

(क) राज्य के अनुसूचित क्षेत्र में दूर–परिसर केन्द्र स्थापित किये जाने की स्थिति में, रूपये पांच लाख।

(ख) अन्य प्रकरण में, रूपये दस लाख।

8. पालन प्रतिवेदन का सत्यापन तथा निरीक्षण.– (1) नियम 7 के प्रावधान के अनुसार पालन प्रतिवेदन की प्राप्ति के पश्चात्, विनियामक आयोग, एक समिति का गठन करेगा, जो तथ्यात्मक आंकड़ों की जांच करेगी, जिसमें स्थल

निरीक्षण भी सम्मिलित होगा।

(2) विनियामक आयोग, उप–धारा (1) के अधीन पालन प्रतिवेदन के परीक्षण के पश्चात्, इसमें कोई कमी पाता है, तो वह विश्वविद्यालय को शीघ्रातिशीघ्र चिन्हांकित कमियों को दूर करने का निर्देश दे सकेगा।

(3) चिन्हांकित कमियों को दूर करने के संबंध में जानकारी प्राप्त होने के पश्चात्, निरीक्षण समिति, अपनी अनुशंसा विनियामक आयोग को प्रस्तुत करेगी।

9. स्थापना संबंधी अधिसूचना.– विनियामक आयोग, यदि निरीक्षण समिति की अनुशंसा से संतुष्ट हो तो, दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना संबंधी अधिसूचना राज्य शासन के पूर्वानुमोदन से जारी कर सकेगा।

10. शुल्क की राशि के संबंध में.– निजी विश्वविद्यालय, उक्त नियम के नियम 9 का पालन सुनिश्चित करेगा।

11. कतिपय परिस्थितियों में विनियामक आयोग की विशेष शक्तियां.– (1) दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना के पश्चात्, यदि विनियामक आयोग को यह प्रतीत होता है कि दूर–परिसर केन्द्र का संचालन, अधिनियम, परिनियम, अध्यादेश तथा विनियमन के अनुसार नहीं हो रहा है अथवा वित्तीय कुप्रबन्धन तथा कुशासन की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, तो वह ऐसे निजी विश्वविद्यालय को 45 दिनों का कारण बताओ सूचना इस आशय का जारी करेगा कि क्यों न दूर–परिसर केन्द्र स्थापना संबंधी अधिसूचना को निरस्त करने का आदेश प्रसारित किया जाये।

(2) यदि विनियामक आयोग, इस नियम के उप–नियम (1) के अधीन जारी सूचना के संबंध में निजी विश्वविद्यालय का उत्तर प्राप्त हो जाने पर संतुष्ट हो जाता है कि प्रथम दृष्टया प्रकरण, कुप्रबंधन, कुप्रशासन या अधिनियम के किसी उपबंधों या इस अधिनियम के अधीन निर्मित किसी उपबंधों या इसके अधीन जारी किये गये निर्देशों का उल्लंघन का है, तो वह ऐसी जांच के लिये आदेश कर सकेगा, जैसा कि वह आवश्यक समझे।

(3) जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात्, यदि विनियामक आयोग संतुष्ट होता है कि वित्तीय कुप्रबंधन और कुशासन के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है कि दूर–परिसर केन्द्र का संचालन कर पाना सुरक्षित नहीं है, तो वह दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना की अधिसूचना को निरस्त कर सकेगा।

(4) दूर–परिसर केन्द्र में संचालित पाठ्यक्रमों को, इस नियम के उप–नियम (3) के अधीन जारी आदेश के अनुसार मुख्य परिसर में स्थानांतरित किया जायेगा।

(5) इस नियम के उप–नियम (3) के अधीन जारी आदेश के विरूद्ध अपील, कुलाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा तथा अपील पर कुलाध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

12. विनियामक आयोग द्वारा की गयी कार्यवाही का नियमन.– इन नियमों के प्रवृत्त होने के पूर्व विनियामक आयोग द्वारा कोई अनुमति अथवा आदेश जारी किया गया हो, तो इन नियमों के अधीन कोई अनुमति अथवा आदेश जारी किया गया समझा जायेगाः

परन्तु यह कि संबंधित विश्वविद्यालय को नियम 4 एवं नियम 7 के उप–नियम (2) में उल्लिखित उपबंधों का अनुपालन विनियामक आयोग द्वारा विहित समय सीमा के भीतर करना होगाः

परन्तु यह और कि यदि विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम परन्तुक में उल्लिखित प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया जाता हो, तो विनियामक आयोग विद्यमान दूर–परिसर केन्द्र को बंद करने का आदेश पारित कर सकेगा।

भाग– तीन : अध्ययन केन्द्र

13. अध्ययन केन्द्र की स्थापना.– (1) दूरस्थ शिक्षा के संदर्भ में अध्ययन केन्द्र की स्थापना निजी विश्वविद्यालय द्वारा की जा सकेगी।

(2) निजी विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्मित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा) विनियम, 2017 में यथा विहित दूरस्थ शिक्षा के संचालन हेतु अनुमति प्राप्त कर सकेगा।

(3) निजी विश्वविद्यालय, इस नियम के उप–नियम (2) में यथा निर्दिष्ट विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात्, विनियामक आयोग से अध्ययन केन्द्र स्थापित करने हेतु अनुमोदन प्राप्त कर सकेगा।

(4) निजी विश्वविद्यालय, प्रत्येक अध्ययन केन्द्र के लिए रूपये 50,000/– (रूपये पचास हजार) की दर से प्रतिवर्ष विनियामक आयोग में शुल्क जमा करेगा।

(5) निजी विश्वविद्यालय, इन नियमों के नियम 10 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करेगा।

14. उपाधि, पत्रोपाधि एवं प्रमाणपत्रों के संबंध में.– (1) निजी विश्वविद्यालय केवल उन्हीं उपाधियों, पत्रोपाधियों एवं प्रमाणपत्रों के लिए पाठ्यक्रमों का संचालन करेगा, जिनके लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा किसी अन्य सक्षम प्राधिकरण से अनुमति प्राप्त की जा चुकी हो।

(2) निजी विश्वविद्यालय, उक्त अधिनियम की धारा 7 की उप–धारा (4) के खण्ड (ड) के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करेगा।

भाग–चार : विविध

15. नियमों का शिथिलीकरण.– ऐसे प्रकरण, जो इन नियमों के अन्तर्गत नहीं आते हों, पर राज्य शासन विनियामक आयोग की अनुशंसा के आधार पर निर्णय ले सकेगा, जो कि साम्य के सिद्धान्त द्वारा समर्थित होगा।

16. विधान मण्डल के पटल पर नियमों का रखा जाना.– इन नियमों को इनके बनाये जाने या जारी किये जाने के पश्चात्, यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान सभा के पटल पर रखा जायेगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी.एल.सांकला, उप–सचिव.

अनुलग्नक–क

प्रति,

सचिव,

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग,

रायपुर, छत्तीसगढ़

(1) विश्वविद्यालय का नाम, पता, फैक्स एवं ई–मेल सहितः

(2) विश्वविद्यालय की स्थापना की अधिसूचना की छायाप्रतिः

(3) विश्वविद्यालय के दूर–परिसर का पूरा पता, जहाँ दूर–परिसर केन्द्र स्थापित किया जाना हैः

(4) क्या विश्वविद्यालय का प्रस्तावित दूर–परिसर केन्द्र, रायपुर नगर निगम की सीमा के भीतर स्थापित है? यदि हाँ, तो सक्षम अधिकारी का प्रमाणपत्रः

(5) दूर–परिसर केन्द्र के उपयोग के लिए भूमि के विषय में विवरणः

1.	भूमि का स्वामित्व अथवा लीज (आवश्यक प्रमाण के साथ)	
2.	भूमि का क्षेत्रफल	
3.	भूमि, किससे अर्जित की जायेगी	
4.	भूमि अर्जित करने हेतु वित्तीय व्यवस्था	

(6) दूर–परिसर केन्द्र प्रारंभ होने के पूर्व, दूर–परिसर केन्द्र के विकास का विवरणः

(क)	भवन निर्माण, अन्य संरचनात्मक सुविधायें एवं अधोसरंचनात्मक सुविधायें	
(ख)	उपकरणों को प्राप्त करने हेतु योजना	
(ग)	आगामी पांच वर्षों के लिये चरणबद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा	

(7) दूर–परिसर केन्द्र में प्रस्तावित पाठ्यक्रमों का विवरणः

टीपः– केवल उन्हीं पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया जा सकेगा, जिनकी अनुमति का उल्लेख उक्त अधिनियम की अनुसूची के कॉलम (7) में हुआ है तथा अध्यादेश पारित हो चुका है एवं केन्द्रीय विनियामक निकाय (यदि आवश्यक हो) से अनुमति प्राप्त कर ली गयी हो।

(8) स्थानीय आवश्यकताओं पर विचार करते हुए दूर–परिसर केन्द्र में प्रारंभ किये जाने वाले पाठ्यचर्या तथा विशिष्ट अध्यापन, प्रशिक्षण या शोध गतिविधियों का विवरणः

(9) उपलब्ध या प्रस्तावित अन्य सुविधायेंः

(क)	छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्रावास की उपलब्धता	
(ख)	खेल मैदान	
(ग)	राष्ट्रीय कैडेट कोर, स्काऊट एवं गाईड, राष्ट्रीय सेवा योजना	

(10) प्रस्तावित दूर–परिसर केन्द्र की आवश्यकता एवं क्षेत्राधिकारः

(11) आवेदन शुल्क का विवरणः

(क)	रेखांकित डिमाण्ड ड्राफ्ट की राशि	
(ख)	उस बैंक का नाम, जिसने डिमाण्ड ड्राफ्ट जारी किया है।	
(ग)	डिमाण्ड ड्राफ्ट का क्रमांक एवं दिनांक	
(घ)	डिमाण्ड ड्राफ्ट के पीछे की ओर प्रायोजक निकाय का नाम तथा विश्वविद्यालय का नाम का उल्लेख करें।	

उपरोक्तानुसार ..... (प्रायोजक निकाय का नाम) की ओर से ..... (विश्वविद्यालय के नाम का उल्लेख करें) के दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 (क्र. 13 सन् 2005) तथा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (दूर–परिसर केन्द्र एवं अध्ययन केन्द्र की स्थापना) नियम, 2020 के प्रावधानों के अन्तर्गत एतद्द्वारा आवेदन प्रस्तुत है।

मैं प्रमाणित करता हूँ कि:–

(क) मुझे ..... (कुलसचिव का नाम) को प्रायोजक निकाय ..... (प्रायोजक निकाय का नाम) की ओर से आवेदन प्रस्तुत करने के लिए अधिकृत किया गया है।

(ख) प्रायोजक निकाय ने यह संकल्प किया है कि ..... छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 (क्र. 13 सन् 2005) में निर्मित समस्त उपबंधों तथा ऐसे अन्य नियम, जो इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा बनाये गये हैं, का पालन किया है और उन निर्देशों का भी पालन करने का संकल्प किया हैं जो कि छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा समय–समय पर जारी किया जायेगा (संकल्प की प्रति अनुलग्नक के रूप में लगाई जाये)।

संलग्नकों की सूची:

स्थान:.....
दिनांक: .....

हस्ताक्षर .....
कुलसचिव का नाम.....
विश्वविद्यालय का नाम .....

दो गवाहों के हस्ताक्षर, नाम एवं पता :–

(1)	हस्ताक्षर
	नाम
	पता
(2)	हस्ताक्षर
	नाम
	पता

अनुलग्नक–ख

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग

रायपुर (छत्तीसगढ़)

क्रमांक ..... रायपुर, दिनांक .....

दूर–परिसर केन्द्र स्थापना हेतु आशय पत्र

विषय: ..... (विश्वविद्यालय का नाम) को दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना के संदर्भ में छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्याय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 (क्र. 13 सन् 2005) के अधीन निर्मित छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (दूर–परिसर केन्द्र एवं अध्ययन केन्द्र स्थापना) नियम, 2020 के नियम 6 के अधीन दूर–परिसर केन्द्र की स्थापना हेतु आशय पत्र जारी करने हेतु।

संदर्भ: छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की बैठक क्रमांक ..... दिनांक .....।

.....(विश्वविद्यालय का नाम) ने दूर–परिसर केन्द्र ..... (दूर–परिसर केन्द्र का पूरा विवरण) की स्थापना हेतु प्रस्ताव दिया है। मूल्यांकन समिति की अनुशंसा की प्राप्ति पर विचारोपरान्त छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग..... (विश्वविद्यालय का नाम) को ..... (दूर–परिसर केन्द्र का पूरा पता) में दूर–परिसर केन्द्र स्थापना हेतु नीचे दर्शाये शर्तों के साथ आशय पत्र जारी करता है:–

(एक) निजी विश्वविद्यालय, शपथपत्र के प्ररूप में यह अभिवचन देगा कि वह छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (दूर–परिसर केन्द्र एवं अध्ययन केन्द की स्थापना) नियम, 2020 के नियम 4 एवं नियम 7 का अनुपालन करेगा।

(दो) निजी विश्वविद्यालय, अभिवचन में यह भी उल्लेख करेगा कि दूर–परिसर केन्द्र में उक्त अधिनियम की अनुसूची में अनुमोदित तथा परिनियमों एवं अध्यादेशों के अनुसार पाठ्यक्रमों का संचालन करेगा।

(तीन) निजी विश्वविद्यालय, इस आशय पत्र के जारी होने के उपरान्त एक वर्ष की कालावधि के भीतर, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (दूर–परिसर केन्द्र एवं अध्ययन केन्द्र की स्थापना) नियम, 2020 के नियम 7 के अनुसार अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा।

(चार) इस आशय पत्र को विनियामक आयोग द्वारा कारणों का उल्लेख करते हुए निरस्त किया जा सकेगा तथा विश्वविद्यालय को इस संबंध में कोई अधिकार नहीं होगा।

इस आशय पत्र को राज्य शासन के सम्यक् अनुमोदन से जारी किया गया है।

सचिव
छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय
विनियामक आयोग, रायपुर

अनुलग्नक–ग

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग
रायपुर (छत्तीसगढ़)

अधिसूचना

रायपुर, दिनांक .....

क्र. ..... छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 की धारा 9 की उप–धारा (1) के अधीन अनुसूची के सरल क्रमांक ..... में उल्लिखित ..... (विश्वविद्यालय का नाम) को छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 की धारा 7 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) तथा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (दूर–परिसर केन्द्र एवं अध्ययन केन्द्र की स्थापना) नियम, 2020 के नियम 9 के प्रावधानानुसार .... (केन्द्र परिसर का नाम एवं पता) में दूर–परिसर केन्द्र स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

2. यह अनुमति, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की बैठक कमांक ..... दिनांक ..... के परिपालन में जारी की जाती है।

3. इस अधिसूचना को राज्य शासन के सम्यक् अनुमोदन के पश्चात् जारी किया गया है।

सचिव
छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय
विनियामक आयोग, रायपुर

अटल नगर, दिनांक 18 सितम्बर 2020

क्रमांक एफ 20–1/2017/38–2 (पार्ट).— भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 18–09–2020 का अंग्रेजी अनुवाद छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के प्राधिकार से एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी.एल.सांकला, उप–सचिव.

Atal Nagar, the 18th September 2020

NOTIFICATION

No. F 20-1/2017/38-2 (Part).— In exercise of powers conferred by Section 42 of the Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act, 2005 (No. 13 of 2005), the State Government, hereby, makes the following rules relating to establishment of the Campus Centre and Study Centre by Private Universities of State, namely:-

RULES

PART – I: PRELIMINARY

1. **Short title, extent and commencement.-** (1) These rules may be called the Chhattisgarh Private Universities (Establishment of Off-Campus Centre and Study Centre) Rules, 2020.

(2) It shall extend to the whole State of Chhattisgarh.

(3) It shall come into force from the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Definitions**.- (1) In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" means Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act, 2005 (No. 13 of 2005);

(b) "Main Campus" means Main Campus of the Private University situated in Chhattisgarh Consisting Minimum Five University teaching departments or schools of studies and where Vice Chancellor and Registrar reside and also main office of the University is located;

(c) "Off – Campus Centre" means centre of a Private University established outside the main Campus but within the State operated and maintained as its constituent unit;

(d) "Private University" Means a Private University established and incorporated under the said Act ;

(e) "Regulatory Body" means a Central or a State Regulatory Body established by the Central or State Government for laying down norms and conditions for ensuring standards of higher education;

(f) "Regulatory Commission" means, the Regulatory Commission established under section 36 of the said Act ;

(g) "Rules" means Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Rules 2005;

(h) "Study Centre" means centre established in the State and maintained by the private university for the purpose of advising, counselling or for rendering any other assistance required by the students in the context of distance education which implies imparting education by combination of any two or more means of communication, namely, broadcasting, telecasting, correspondence course, seminars, contact programmes and any other such methodology.

(2) Words or Expressions used but not defined in these rules shall have the same meaning as respectively assigned to them in the Act.

PART – II : OFF – CAMPUS CENTRE

3. **Establishment and Operation**.- (1) A Private University, after completing 5 years of establishment and development of main campus, intending to establish Off – Campus Centre shall submit the application in Annexure-A to the Regulatory Commission.

(2) The Sponsoring body shall pass a resolution to establish off- campus centre and Application shall be signed by the Registrar.

(3) Application fee of Rupees 5000/-(Rupees Five Thousand) shall be sent along with application through a crossed account payee draft in the name of **"Chhattisgarh Private University Regulatory Commission"** payable at Raipur.

4. **Conditions for establishment of Off–Campus Centre.**- (1) The University shall procure land as under:-

(a) 1.5 acres land in case the Off – Campus Centre is proposed to establish within the limit of Municipal Corporation of Raipur District.

(b) 2.5 acres of land in case the Off – Campus Centre is proposed to be establish at any other place.

(2) It shall make available a minimum built-up area of 10,000 Square Feet for administrative and academic purpose.

(3) The Private University shall follow the rules and conditions prescribed by the University Grants Commission and other Regulatory Bodies, from time to time.

5. **Evaluation of the Proposal.**- (1) The Regulatory Commission shall, on receipt of the application for establishment of Off–Campus Centre shall make scrutiny as deem necessary regarding the facts as mentioned.

(2) In course of evaluation of proposal/application, the Regulatory Commission shall take into consideration, the followings:-

(a) Contribution of the University in the field of education and research, where the Off – Centre Campus is proposed.

(b) Suitable resources to be arranged.

6. **Letter of Intent.-** After inquiry and evaluation as provided in rule 5, if the Regulatory Commission is satisfied that right to established Off–Campus Centre, may be given to the University, the Regulatory Commission may issue Letter of Intent to the University to establish Off-Campus Centre with a prior approval of the State Government.

7. **Submission with Compliance Report.**- (1) The University shall fulfil all essential conditions within a period of one year from issue of the Letter of Intent.

(2) The University shall submit following fees along with the Compliance Report to the Regulatory Commission:-

(a) Rupees Five Lac, in case Off-Campus Centre is to be established in a Scheduled Area of the State.

(b) Rupees Ten Lac, in other cases.

8. **Verification and Inspection on Compliance Report.-** (1) After receiving the Compliance Report as per provision of rule 7, the Regulatory Commission shall constitute a Committee which shall examine the factual data including spot inspection.

(2) The Regulatory Commission, after the examination of Compliance Report under sub-rule (1), it finds any shortcomings in it, it may direct the University to remove expeditiously the identified shortcomings.

(3) After receiving information regarding the removal of identified short comings, the Inspection Committee shall submit its recommendations to the Regulatory Commission.

9. **Notification regarding Establishment.- The Regulatory Commission, if satisfied with recommendation of Inspection Committee, may issue notification regarding the establishment of Off-Campus Centre with a prior approval of the State Government.**

10. **Regarding the amount of Fee. - The Private University shall ensure with Compliance of rule 9 of said Rules.**

11. **Special Powers of the Regulatory Commission in Certain Circumstances.**- (1) After the establishment of Off-Campus Centre, it appears to the Regulatory Commission that operation of the Off-Campus Centre is not in accordance to the Act, Statutes, Ordinances and Regulations or situation of financial mismanagement and mal-administration has arisen, it shall issue show-cause notice of 45 days to such private University with intent that why an order shall not be made that the Off-Campus Centre establishment notification be cancelled.

(2) If the Regulatory Commission, on receipt of the reply of the Private University, in respect of the notice issued under sub-rule (1) of this rule is satisfied that there is a prima-facie case of mismanagement, mal-administration or violation of any provision of the Act or any provision made under this Act or direction issued there under, it shall make an order of such inquiry as it may consider necessary.

(3) If, the Regulatory Commission, on receipt of Enquiry Report, is satisfied that owing to financial mismanagement and mal-administration, such situation has arisen that to conduct the Off Campus is not secured, it shall cancel the notification of establishment of the Off-Campus Centre.

(4) The courses conducted at the Off-Campus Centre shall be transferred to the main Campus as the order issued under sub-rule (3) of this rule.

(5) An appeal against the order issued under sub-rule (3) of this rule may be preferred before the Visitor and the decision of the Visitor, upon the appeal, shall be final.

12. **Regularisation of Action taken by the Regulatory Commission.**- Any permission or order issued by the Regulatory Commission prior to enforcement of these Rules shall be deemed to have been issued under these rules:

Provided that the concerned University shall have to comply with the provisions mentioned in rule 4 and sub-rule (2) of rule 7 within prescribed time limit by the Regulatory Commission:

Provided further that the Regulatory Commission may pass an order to close the existing Off-Campus Centre, if provision mentioned in first proviso is not complied by the University.

PART – III : STUDY CENTRE

13. **Establishment of Study Centre**.- (1) Study Centre may be established by a Private University in reference to distance education.

(2) A private University may get permission to conduct the distance education as prescribed in University Grants Commission (Open and Distance Learning) Regulation, 2017 made by the University Grants Commission.

(3) A Private University may get approval to establish Study Centre from the Regulatory Commission after the permission obtained by the University Grants Commission as referred to in sub-rule (2) of this rule.

(4) A Private University shall deposit fees at the rate of Rupees 50,000/- (Fifty thousand rupees) per study centre per annum to the Regulatory Commission.

(5) The Private University shall ensure to comply with the provisions of rule 10 of these rules.

14. **Regarding Degrees, Diplomas and Certificate.**- (1) A private University shall conduct the courses for only those degrees, diplomas and certificates for which the permission has been obtained from the University Grant Commission or any other competent authority.

(2) A private University shall ensure to comply with the provisions of clause (m) of sub-section (4) of Section 7 of the said Act.

PART – IV : MISCELLANEOUS

15. **Relaxation of rules.**- On such matters which are not covered under these rules, the State Government may take the decision on the basis of recommendation of the Regulatory Commission which is supported by the principles of equity.

16. **Laying the rules on the Table of the legislative Assembly**.- These rules shall be laid down, as soon as may be after it is made or issued, on the table of the State Legislative Assembly.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
G.L. SANKLA, Deputy Secretary.

ANNEXURE-A

To,

The Secretary,

Chhattisgarh Private University Regulatory Commission,

Raipur, Chhattisgarh.

(1) Name of University with Address, Fax and E-mail :

(2) Photocopy of Notification of Establishment of the University :

(3) Complete address of Off-Campus of the University, where Off Campus Centre is to be established :

(4) Whether proposed Off-Campus Centre of the University to be established is within the Municipal Corporation limits of Raipur? If yes then certificate from competent authority :

(5) Details about the land for the use of Off-Campus Centre :

1	Ownership or lease of the land (with necessary proof)	
2	Area of the Land	
3	From whom the Land will be acquired	
4	Financial Arrangement to acquire the land	

(6) Details of Off-Campus Development before the commencement of Off-Campus Centre :

(a)	Construction of buildings, other structural amenities and infrastructural facilities	
(b)	Plan for procurement of equipment's	
(c)	Outline of phase-wise programme for the upcoming 5 years	

(7) Details of proposed courses at Off-Campus Centre :

Note: Only those courses may be started for which permission is mentioned in column (7) of Schedule of the said Act and Ordinances have been passed and permission obtained from Central Regulatory Body (If essential).

(8) Details of Curriculums and special teaching, training or research activities to started at Off-Campus Centre considering local requirement:

(9) Existed or proposed other facilities :

(a)	Availability of Hostel's for Boys and Girls	
(b)	Play Ground	
(c)	National Cadet Core, Scout and Guide, National Service Scheme	

(10) Necessity and justification of proposed Off-Campus Centre :

(11) Details of Application fee:

(a)	Amount in the Crossed Demand Draft	
(b)	Name of the Bank, Which has issued the Demand Draft	
(c)	Number and Date of the Demand Draft	
(d)	Mention the name of sponsoring body and name of the University on the reserve side of the University	

The above application for establishment of Off Campus Centre of _____ (mention name of the University) under the provisions of Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act, 2005 (No. 13 of 2005) and Chhattisgarh Private University (Establishment of Off-Campus Centre and Study Centre) Rules, 2020 is submitted, hereby, on behalf of _____ (name of the Sponsoring Body).

I certify that :-

(a) I_____, (Name of the Registrar), am Registrar duly authorized to submit the application on behalf of the Sponsoring Body, _____ (name of the Sponsoring Body).

(b) The Sponsoring Body has Resolved to follow all provisions made in the Chhattisgarh Private University (Establishment and Operation) Act, 2005 (no. 13 of 2005) and such other rules as the State Government may make in this behalf, and has also Resolved to follow the instructions that will be issued by the Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission, from time to time. (Attach a copy of the Resolution as Annexure).

List of the Annexure:

Signature_____

Name of Registrar_____

Name of the University_____

Place :

Date :

Signature, name and address of 2 witnesses:-

(1)	Signature :	
	Name :	
	Address :	

(2)	Signature :	
	Name :	
	Address :	

ANNEXURE - B

Chhattisgarh Private University Regulatory Commission,

Raipur (Chhattisgarh)

No._____ Raipur, Dated_____

LETTER OF INTENT FOR ESTABLISHMENT OF OFF CAMPUS CENTRE.

Subject: Letter of Intent issued to _____ (Name of University) for establishment of Off-Campus Centre under Rule 6 of Chhattisgarh Private Universities (Establishment of Off-Campus Centre and Study Centre) Rule, 2020 made under Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act 2005 (No. 13 of 2005).

Ref.: Meeting No. _____ Dated _____ of Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission.

_____ (name of the University) has put up a proposal for the establishment of Off-Campus Centre at _____ (full details of Off-Campus Centre), on getting recommendation of the Evaluation Committee and after consideration, the Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission is issuing this Letter of Intent to _____ (name of the University) to establish Off-Campus Centre at _____ (full address of Off-Campus Centre) with conditions as below:-

(i) The Private University shall give an undertaking in form of an affidavit that it shall comply with Rule 4 and Rule 7 of Chhattisgarh Private Universities (Off-Campus Centre and Study Centre) Rules, 2020.

(ii) The Private University shall also mention in undertaking that it will run only those courses in the Off campus Centre which are approved in the schedule of the said Act and in accordance with the Statutes and Ordinances.

(iii) The Private University shall submit Compliance Report within a period of one year after issue of Letter of Intent in accordance with Rule 7 of Chhattisgarh Private Universities (Establishment of Off-Campus Centre and study Centre) Rules, 2020.

(iv) This letter of Intent may be cancelled by the Regulatory Commission by mentioning the reasons thereof and in this regard the University shall have no right.

This Letter of Intent is issued with due approval of the State Government.

Secretary
Chhattisgarh Private Universities
Regulatory Commission, Raipur

ANNEXURE - C

Chhattisgarh Private University Regulatory Commission,

Raipur (Chhattisgarh)

NOTIFICATION

Raipur, Date_____

No. _____. – The permission is granted to _____ (Name of the University) which is mentioned in the Schedule as serial number _____, under sub-section (1) of Section 9 of the Chhattisgarh Private University (Establishment and Operation) Act, 2005, to established Off-Centre Campus at _____ (Name and address of Centre Campus) as per provision of clause (a) of sub-section (1) of Section 7 of Chhattisgarh Private University (Establishment and Operation) Act 2005 and Rule 9 of Chhattisgarh Private University (Establishment of Off-Campus Centre and Study Centre) Rules, 2020.

2. This permission is issued in Compliance of Meeting No. _____ Dated _____ of Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission.

3. This Notification is issued after due approval of the State Government.

Secretary
Chhattisgarh Private Universities
Regulatory Commission, Raipur

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित – 2020.